Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 149 | रविवार , 01 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## देश में तेजी से पैर पसार रहा कोरोना

# 24 घंटे में सामने आए 685 मामले ,एक्टिव केस 3300 के पार

नई दिल्ली।

देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस तेजी से पांव पसार रहा है। देश भर में पिछले 24 घंटों में 685 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसके बाद देश में एक्टिव कोविड 19 मामलों की संख्या 3395 हो गई है। वहीं, गत 24 घंटों में कुल 4 लोगों की कोरोना संक्रमण के कारण मौत हुई है। बता दें कि पिछले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक और केरल में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण एक-एक लोगों की जान गई है। देश के 8 राज्यों में पिछले 24 घंटों में कुल 100 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। तेजी से फैल रहे इस संक्रमण




ने लोगों को चिंतित कर दिया है। वहीं, संक्रमण का सफलतापूर्वक इलाज कराने के बाद करीब 1435 लोगों को छुट्टी दे दी गई है। बता दें कि देश के आठ राज्यों में कोरोना वायरस काफी तेजी से फैल रहा है। केरल, तमिलनाडु, गुजरात, बंगाल, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और कर्नाटक में अब तक 100 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। कर्नाटक में भी कोरोना के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इस राज्य सरकार को ओर से स्कूल जाने वाले छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। कर्नाटक सरकार ने अभिभावकों से कहा कि अगर उनके बच्चों में बुखार, खांसी, जुकाम और अन्य लक्षण दिखे तो उन्हें स्कूल ना भेजें। समाचार एजेंसी पीटीआई के इनपुट के अनुसार, शुक्रवार देर रात को राज्य सरकार की ओर से एक पत्र जारी किया गया। इस पत्र में कहा गया कि किसी भी बच्चे को यदि बुखार, खांसी, जुकाम इत्यादि हो तो उसे विद्यालय ना भेजें। वहीं, चिकित्सक से उचित परामर्श लेने लें।

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 375 |
| गुजरात | 265 |
| कर्नाटक | 234 |
| केरल | 1336 |
| महाराष्ट्र | 467 |
| तमिलनाडु | 185 |
| पश्चिम बंगाल | 205 |
| `उत्तर प्रदेश | 117 |

## 'युद्ध में कहीं टिक नहीं पाया पाकिस्तान'



**वॉशिंगटन**। एक प्रमुख अमेरिकी रक्षा विश्लेषक ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत न केवल सीमा पार आतंक नेटवर्क को ध्वस्त करने में सफल रहा, बल्कि अपनी रक्षा तकनीक का लोहा भी मनवाया। इंडियाज ऑपरेशन सिंदूर : ए बैटलफील्ड वर्डिक्ट ऑन चाइनीज ओपन एंड इंडियाज विक्ट्री शीर्षक से जारी विश्लेषण में जान स्पेंसर ने कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य अभियान नहीं, बल्कि प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन, एक बाजार संकेत और रणनीतिक खाका था। भारत ने दुनिया को दिखाया कि आधुनिक युद्ध में आत्मनिर्भरता कैसी होती है और यह साबित किया कि आत्मनिर्भर भारत मुश्किल के समय में भी सफल है।

## भूस्खलन और बारिश से नॉर्थ ईस्ट में तबाही, अब तक 19 लोगों की मौत

नई दिल्ली।

जहां देश का एक हिस्सा इस वक्त गर्मी की मार झेल रहा है, तो वहीं पूर्वोत्तर में बारिश कहर बनकर बरपी है। मिजोरम, असम और मणिपुर से लेकर त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश तक चारों ओर तबाही का मंजर है। बारिश कहीं लैंड स्लाइड लेकर आई, तो कहीं फ्लैश फ्लड का कारण बनी।

अब तक इन घटनाओं में 19 लोगों की मौत की खबर है। पूर्वोत्तर में 12 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और दर्जनों लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। आने वाले दिनों में भी प्रकृति का कहर थमने की कोई उम्मीद दिखलाई नहीं पड़ती।



मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए भयंकर बारिश का अलर्ट जारी किया है। पूर्वोत्तर के राज्यों में कई घर बारिश में तबाह हो गए हैं, सड़कें बह गई हैं और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। प्रशासन बचाव अभियान में जुटा है, लेकिन लगातार हो रही बारिश से उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। दक्षिणी मिजोरम के लॉन्टलाई शहर में लैंड स्लाइडिंग की वजह से 8 लोगों के फंसे होने की आशंका है। मिजोरम में एक व्यक्ति के मौत की भी खबर है। वहीं असम के कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले में बीते 3 दिन से हो रही बारिश से 5 लोगों की मौत हो गई।

## 'ईरान ने 60% तक बढ़ाया संवर्धित यूरेनियम का भंडार'



नई दिल्ली।

ईरान की तरफ से 60% तक संवर्धित यूरेनियम का भंडार बढ़ाना अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। जो साथ ही यह दर्शाता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के और करीब है। ऐसे में आईएईए और पश्चिमी देशों की निगाहें अब ईरान के अगले कदम और अमेरिका से संभावित समझौते पर टिकी हुई हैं। ईरान ने अपने संवर्धित यूरेनियम के भंडार को और बढ़ा दिया है, जो अब लगभग परमाणु हथियार बनाने के स्तर के बेहद करीब पहुंच चुका है। यह खुलासा संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी (आईएईए) की एक गोपनीय रिपोर्ट में हुआ है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब ईरान और अमेरिका के बीच एक नए परमाणु समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समझौते को करवाने की कोशिश कर रहे हैं।

### परमाणु निगरानी एजेंसी ने क्या जताई चिंता?

आईएईए के प्रमुख राफेल मारीआनो ग्रोसी ने फिर दोहराया है कि ईरान 'एकमात्र ऐसा देश है जो परमाणु हथियार नहीं होने के बावजूद इतने उच्च स्तर तक यूरेनियम संवर्धित कर रहा है।' उन्होंने ईरान से तुरंत सहयोग करने और जांच में पूरी तरह साथ देने की अपील की है।

## अगली पीढ़ी की रक्षा तकनीकों का परीक्षण कर रही सेना

नई दिल्ली।

भारतीय सेना कई अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण कर रही है, ताकि उनके प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया जा सके। इन परीक्षणों का उद्देश्य सेना की तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे सैन्य साजो सामान में मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), यूएवी लांच्ड प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन (यूएलपीजीएम), रनवे इंडिपेंडेंट (आरडब्ल्यूआइ) रिमोटली पायलटेड एरियल सिस्टम (आरपीएएस) और काउंटर-यूएएस समाधान शामिल हैं। इन मूल्यांकनों के माध्यम से भारतीय सेना का लक्ष्य अपनी तकनीकी बढ़त



को विस्तार देना, परिचालन तत्परता को बढ़ाना और रक्षा क्षमता विकास में स्वदेशी नवाचार व आत्मनिर्भरता के प्रति वचनबद्धता की पुष्टि करना है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना वर्तमान में पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और जोशीमठ सहित देशभर के प्रमुख स्थानों पर क्षमता विकास का प्रदर्शन कर रही है।

## सिक्किम में बाढ़ और लैंड स्लाइड से बिगड़े हालात, 1400 पर्यटक फंसे

सिलीगुड़ी।

उत्तर सिक्किम में बाढ़ और भूस्खलन से स्थिति गंभीर हो गई है। सड़क बंद होने के कारण 1400 से अधिक पर्यटक फंस गए हैं। एक के बाद एक भूस्खलन की घटनाओं ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है। कई महत्वपूर्ण सड़कों पर यातायात पूरी तरह से ठप है। सिक्किम सरकार ने मंगन जिले के लिए रेड अलर्ट



जारी किया है। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण तीस्ता नदी उफान पर है, जिससे कई इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। मंगन के पुलिस अधीक्षक सोनम डेचु भूटिया ने बताया है कि कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण सड़कें बंद हैं। पर्यटकों को अपने होटलों में रहने की सलाह दी गई है। पर्यटक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ था सड़कें पूरी तरह खुलने के बाद उन्हें निकाला जाएगा। तीस्ता नदी की खतरनाक स्थिति के कारण लापता पर्यटकों के बचाव कार्य में भी बाधा आ रही है।

## सायरन बजते ही हुआ ब्लैकआउट

**नई दिल्ली**। सीमावर्ती राज्यों में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉकड्रिल और ब्लैकआउट कर नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने को लेकर अभ्यास किया गया। गृह मंत्रालय के निर्देश पर शाम पांच बजे से आठ बजे तक जगह-जगह ड्रोन के हवाई हमले और एयर स्ट्राइक होने की स्थिति में बचाव को लेकर मॉकड्रिल की गई। इस दौरान स्वयंसेवियों ने घायलों को जल्द अस्पताल पहुंचाने को लेकर भी मुस्तैदी दिखाई। देर शाम आठ बजे ब्लैक आउट के तहत सायरन बजने के साथ बिजली बंद कर दी गई।

## सिंधु जल संधि पर भारत ने फिर पाक को दिखाया आईना

नई दिल्ली।

भारत ने कहा है कि पाकिस्तान को सिंधु जल संधि के उल्लंघन के लिए उसे दोषी ठहराना बंद कर देना चाहिए क्योंकि उसकी धरती से लगातार जारी सीमा पार आतंकवाद संधि के कार्यान्वयन में बाधा डाल रहा है।

तजाकिस्तान के दुशांबे में ग्लेशियरों पर पहले संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि पाकिस्तान खुद



आतंकवाद के माध्यम से संधि का उल्लंघन कर रहा है। विकसित देशों को ग्लेशियरों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए सिंह ने कहा कि वैश्विक उत्सर्जन में सबसे अधिक योगदान देने वाले देशों को उन्हें बचाने के लिए तत्काल और मजबूत उत्सर्जन कटौती का नेतृत्व करना चाहिए। कहा कि ग्लेशियर हर जगह पीछे हट रहे हैं। भारत का व्यापक हिमालयी क्षेत्र इन प्रभावों को पहली बार अनुभव कर रहा है। बहरहाल, उन्होंने कहा कि 'हम पाकिस्तान द्वारा इस मंच का दुरुपयोग करने तथा ऐसे मुद्दों का अनावश्यक उल्लेख करने के प्रयास से स्तब्ध हैं क्योंकि ऐसे अनावश्यक मुद्दे इस मंच के दायरे में नहीं आते। हम इस तरह के प्रयास की कड़ी निंदा करते हैं।'

### दतिया सतना एअरपोर्ट के उद्घाटन के बाद बोले पीएम मोदी

## 'आतंक का फन उठेगा तो कुचल देंगे'

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल के जम्बूरी मैदान में 'लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन' कार्यक्रम के दौरान अहिल्याबाई होल्कर को पुष्पांजलि अर्पित की।

पीएम मोदी का नारी शक्ति ने सिंदूर स्वागत किया है। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह प्रधानमंत्री का मध्य प्रदेश में पहला दौरा है। कार्यक्रम के सारे सूत्र यानी सुरक्षा से लेकर प्रबंधन तक महिलाओं के हाथों में हैं। पीएम मोदी ने कई बड़ी योजनाओं को हरी झंडी दिखाई है। इसके साथ ही उन्होंने स्मारक में एक डाक टिकट भी जारी किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, ₹सबसे पहले मैं मां भारती को, भारत की मातृशक्ति को प्रणाम करता हूं। आज यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें-बेटियां हमें आशीर्वाद देने आई हैं। मैं आप सभी के दर्शन



पाकर धन्य हो गया हूं। पीएम मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई को लेकर कहा, ₹आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती है। 140 करोड़ भारतीयों के लिए ये अवसर प्रेरणा का है, राष्ट्र निर्माण के लिए हो रहे भगीरथ प्रयासों में अपना योगदान देने का है। देवी अहिल्याबाई होल्कर कहतीं थी की शासन का सही अर्थ जनता की सेवा करना और उनके जीवन में सुधार लाना होता है। देवी अहिल्याबाई कहती थी कि शासन का सही अर्थ जनता की सेवा करना और उनके जीवन में सुधार लाना होता है। आज का कार्यक्रम उनकी इस सोच को आगे बढ़ाता है। आज इंदौर मेट्रो की शुरूआत हुई है, दतिया और सतना भी अब हवाई सेवा से जुड़ गए हैं।

पीएम बोले, ₹ये सभी प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश में सुविधाएं बढ़ायेंगे। विकास को गति देंगे और रोजगार के अनेक नए अवसर बनाएंगे। मैं आज इस पवित्र दिवस पर इन सभी कामों के लिए पूरे मध्य प्रदेश को बहुत बधाई देता हूं।

## संपादक की कलम से

# वायुसेना प्रमुख की चिंता

भारत के वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने सार्वजनिक मंच से रक्षा-सौदों की लेटलतीफी पर चिंता जताई है, तो यह कोई सामान्य टिप्पणी या सरोकार नहीं है। सीआईआई के बिजनेस समिट में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऐसा कोई रक्षा प्रोजेक्ट नहीं है, जो तय समय पर पूरा हुआ हो। जब रक्षा सौदों के करार पर दस्तखत किए जाते हैं, तब जानकारी होती है कि यह प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होगा, लेकिन फिर भी हस्ताक्षर कर दिए जाते हैं। यहीं से पूरी प्रक्रिया बिगड़ जाती है। एयर चीफ मार्शल ने यहां तक संकेत दिए हैं कि इसी से युद्ध की तैयारियां प्रभावित होती हैं। वायुसेना प्रमुख ने यह खुलासा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह की उपस्थिति में किया है, जाहिर है कि यह चिंता एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री और वायुसेना प्रमुख की रूबरू मुलाकातें भी होती रही हैं। उनमें भी यह मुद्दा उठा होगा। हमारी वायुसेना लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर और अन्य रक्षा-उपकरणों का संकट और समयहीनता उस परिदृश्य में झेल रही है, जब चीन ने पाकिस्तान को 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान जे-35 ए देने की घोषणा की है। चीन ऐसे 30-35 विमान पाकिस्तान को मुहैया कराएगा, जबकि भारतीय सेना के पास 5वीं पीढ़ी का एक भी लड़ाकू विमान नहीं है। दुश्मन को कमतर नहीं आंकना चाहिए। वायुसेना प्रमुख का यह रहस्योद्घाटन तब सार्वजनिक हुआ है, जब भारत की वायुसेना ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकियों के बड़े अड्डे मिट्टी-मलबा कर चुकी है, करीब 170 आतंकियों को ढेर कर चुकी है और कई प्रमुख एयरबेस, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर हमने अपनी वायु-शक्ति की बदौलत ही जीता है, लिहाजा वायुसेना प्रमुख की ये चिंताएं बेहद गंभीर हैं। चीफ मार्शल पहले भी फरवरी, 2025 में एक ट्रेनर जेट के कॉकपिट में बैठे हुए कह चुके हैं कि उन्हें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) पर भरोसा नहीं है। एचएएल मिशन मोड में काम नहीं कर रही है। बहरहाल अब उन्होंने निजी क्षेत्र की कंपनियों को आगे आने का आह्वान किया है। भारत में 21 निजी कंपनियां रक्षा-उत्पादन के क्षेत्र में सक्रिय हैं, जबकि सरकारी नेतृत्व की 16 सार्वजनिक कंपनियां भी जुड़ी हैं। इस क्षेत्र में कुल 430 अन्य कंपनियों के अलावा सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम 16,000 से अधिक हैं, जो रक्षा-उपकरणों के कल-पुरजे बनाते हैं। इतना व्यापक क्षेत्र होने के बावजूद हमारे लड़ाकू विमान लेटलतीफी के शिकार हैं, जाहिर है कि कारण असामान्य ही होंगे। हालांकि एयर चीफ मार्शल ने न तो किसी प्रोजेक्ट विशेष और न ही कंपनी का नाम लिया, लेकिन यह समयहीनता हमें भारी पड़ सकती है। कुछ उदाहरण गौरतलब हैं। तेजस एमके 1ए हल्के लड़ाकू विमान मई, 2024 तक उपलब्ध होने चाहिए थे। 2021 में एचएएल के साथ 83 विमानों का अनुबंध किया गया था, लेकिन अभी तक एक भी नहीं मिल पाया है। इसी तरह तेजस के अन्य किस्म के विमान का अभी प्रोटोटाइप भी नहीं बना है। 2026 तक ऐसे 200 विमान सप्लाई करने का करार किया गया था। विमानों की डिलीवरी में देरी का बुनियादी कारण जीई एयरोस्पेस कंपनी का इंजन रहा है, जो स्वदेशी लड़ाकू विमानों में लगना है।



ललित शर्मा
संपादक

# रक्षा में आत्मनिर्भरता के बढ़ते कदमों से बढ़ती सैन्य-ताकत

मौजूदा समय में लड़ाकू विमान के लिए भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों और रूस पर निर्भर है। देश में लड़ाकू विमानों की कमी भी है। ऐसे में सरकार स्वदेशी निर्मित आधुनिक लड़ाकू विमान के निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाकर सूझबूझ एवं दूरगामी सोच का परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की शानदार कामयाबी, पाकिस्तान को करारी चोट पहुंचाने, विश्व को भारत की सैन्य ताकत दिखाने और अपने सैनिकों के अद्भुत पराक्रम के प्रदर्शन की गौरवपूर्ण स्थितियों के बीच एक बड़ी खुशखबरी है कि भारत सरकार ने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एएमसीए) के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी देते हुए इस परियोजना पर आगे बढ़ने को हरी झंडी दिखा दी है। निश्चित ही इस फैसले से दुनिया की महाशक्तियां चौंकी है, वहीं यह भारतवासियों के लिये एक नई आशा एवं संभावनाभरी खुशखबरी है। क्योंकि दुनिया की महाशक्ति बनने के लिये सैन्य साजो-सामान की दृष्टि से आत्म निर्भर होना प्रथम प्राथमिकता है। दुनिया पर वर्चस्व स्थापित करने का यह सबसे बड़ा आधार है कि हम सैन्य साजो सामान में स्वावलम्बी ही नहीं, निर्यातक बने। क्योंकि उन्हें दूसरे देशों से खरीदने में विदेशी पूंजी का व्यय होने के साथ कई तरह के दबावों का भी सामना करना पड़ता है। दूसरे देश अपनी शर्तों पर ये हमें उपलब्ध कराते हैं, अर्थ का व्यय भी स्वदेशी उत्पादन की तुलना में बहुत ज्यादा करना पड़ता है। जबसे रक्षा सामग्री के निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है, तब से भारत का रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के ताजा फैसले के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयर जिस तरह उछले, उससे यही पता चलता है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए नई दिशाओं को उद्घाटित कर रहा है। निश्चित ही पांचवीं पीढ़ी के उन्नत लड़ाकू विमानों का देश में ही निर्माण करने और उसमें निजी क्षेत्र का सहयोग लेने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की घोषणा एक ऐसा फैसला है, जो दूरगामी एवं देशहित का सराहनीय कदम है। ऐसे फैसलों में बिना विलम्ब के प्रोत्साहन एवं सहयोग होना चाहिए।



> भारत की वायु सेना अपनी रक्षा रणनीति में एक प्रमुख खिलाड़ी है, जो हमेशा आसमान की रक्षा के लिए तैयार रहती है

हमें निश्चित करना चाहिए कि आधुनिक लड़ाकू विमानों के निर्माण तय समय में हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाने चाहिए। ऐसे फैसलों से भारत की ताकत बढ़ती है, दुनिया की अधीनता कमतर होती है। गौरतलब है, अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाने में सफलता हासिल की है। इस योजना के जरिये दुनिया को यह संदेश देना है कि भारत अब पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान खरीदने की बजाय खुद बनाने का काम करेगा। इस स्वदेशी विमान के डिजाइन और विकास के लिए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने हाल ही में पन्द्रह हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की थी। अब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेगी और डीआरडीओ के मुखिया की मानें, तो अगले एक दशक में यह लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना के बेड़े का हिस्सा होगा। निस्संदेह, हमारे रक्षा वैज्ञानिकों की सराहना की जानी चाहिए कि उनके अथक परिश्रम, तकनीकी कौशल और मेधा के कारण देश जल्द ही सुरक्षा साजो-सामान के मामले में भी आत्म-निर्भर बन जाएगा। इन स्थितियों के लिये जहां रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सराहना होनी चाहिए वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का लोहा मानना चाहिए। मौजूदा समय में भारत लड़ाकू विमान के मामले में दूसरे देशों पर निर्भर है। सरकार ने इस दिशा में भी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इस फैसले से घरेलू एयरोस्पेस इंडस्ट्री को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। एएमसीए का विकास भारतीय वायु सेना की लड़ाकू क्षमताओं को मजबूत करने और देश की रक्षा को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। पडोसी देशों की हरकतों, युद्ध की संभावनाओं एवं षडयंत्रों को देखते हुए आने वाले समय में होने वाले युद्ध में वायुसेना की क्षमता और तकनीक को अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा है। भारत हमेशा से एक शांतिकामी मुल्क रहा है, मगर अपनी सरहदों व विशाल आबादी की सुरक्षा के लिए वह दूसरे देशों के हथियारों या सुरक्षा उपकरणों पर पूरी तरह निर्भर नहीं रह सकता। विदेशी लड़ाकू विमानों या हथियारों की खरीद में उनके तकनीकी हस्तांतरण को लेकर कई तरह की पेचीदगियां पेश आती हैं। कई देश उन्नत रक्षा उपकरण तो दे देते हैं, लेकिन उनकी तकनीक नहीं देते या फिर उनके कलपुर्जे देने में देरी करते हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पर्याप्त संख्या में तेजस लड़ाकू विमान बनाने में इसलिए विलंब हो रहा है, क्योंकि अमेरिका उनके लिए इंजन देने में आनाकानी कर रहा है। इसलिए एचएएल, डीआरडीओ की स्थापना की जरूरत मससूस की गई थी और आज इनके बनाए हथियार न सिर्फ हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन रहे हैं, बल्कि इस वजह से हमारा 20 फीसदी से भी अधिक सैन्य आयात कम हुआ है। आज हम अपने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस दुनिया को बेचने की स्थिति में हैं। मौजूदा समय में लड़ाकू विमान के लिए भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों और रूस पर निर्भर है। देश में लड़ाकू विमानों की कमी भी है। ऐसे में सरकार स्वदेशी निर्मित आधुनिक लड़ाकू विमान के निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाकर सूझबूझ एवं दूरगामी सोच का परिचय दिया है। आज जब युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे हैं, तब भारत को हर तरह की रक्षा सामग्री स्वदेश में ही बनाने में इसलिए सक्षम होना होगा, क्योंकि ऐसा करके ही वह सच्चे अर्थों में महाशक्ति बन सकता है। प्रारंभ में विदेशी कंपनियों का सहयोग लेने में हर्ज नहीं, क्योंकि ऐसा करके ही तेजी के साथ उन्नत रक्षा समाग्री का निर्माण किया जा सकता है। भारत आधुनिक रक्षा उपकरण एवं तकनीक का निर्माण करने में सक्षम है, इसे आपरेशन सिंदूर ने साबित भी कर दिया। हमारे रक्षा उपकरणों और तकनीक ने जिस तरह तुर्किये के ड्रोन की हवा निकालने के साथ चीनी एयर डिफेंस की पोल खोल दी, उसे विश्व भर के रक्षा विशेषज्ञ भी मान रहे हैं। रूस के सहयोग से बनी ब्रह्मोस मिसाइल और स्वदेशी तकनीक पर आधारित आकाश ने सिद्ध किया कि हमारे रक्षा विज्ञानी किसी से कम नहीं। उन्हें भरपूर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारत की रक्षा सेना दुनिया में सबसे शक्तिशाली और सम्मानित सेनाओं में से एक है, जो अपने आकार, ताकत और उन्नत तकनीक के साथ वैश्विक मंच पर धूम मचा रही है। चाहे सीमाओं पर गश्त करना हो, आसमान की सुरक्षा करनी हो या विशाल हिंद महासागर को सुरक्षित रखना हो, भारत की सेना एक ऐसी ताकत है जिसका लोहा माना जाना चाहिए। भारत का लक्ष्य सिर्फ.वैश्विक सैन्य शक्तियों के साथ बने रहनाभर नहीं है-यह उनके साथ है बल्कि अब उससे आगे भी आना है। किसी भी युद्ध या संघर्ष में वायु सेना की भूमिका निर्णायक हो चली है। हमास-इजरायल जंग हो या रूस-यूक्रेन लड़ाई, इस तथ्य को पूरी दुनिया स्वीकारती है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमारी वायु सेना ने भी दिखा दिया है कि किस सटीकता से शत्रुओं के लक्ष्य को मटियामेट करने में वह सक्षम है। ऐसे में भारतीय वायु सेना की जरूरतों पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। वर्तमान में, भारत दुनिया में चौथे स्थान पर है, जो केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन से पीछे है। यह स्थान इसके उन्नत विमान, बेहतर प्रशिक्षण और रणनीतिक महत्व के संयोजन के कारण अर्जित किया गया है। बहुमुखी राफेल जेट से लेकर शक्तिशाली सुखोई अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने के लिए सुसज्जित है। निश्चित ही भारत ने एक ऐसा सैन्य बल बनाया है जो ध्यान आकर्षित करता है, जिसमें विशाल जनशक्ति, अत्याधुनिक तकनीक और गहन रणनीतिक फोकस का संतुलन है। यह अब सिर्फ.एक क्षेत्रीय खिलाड़ी नहीं है; भारत खुद को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है। भारतीय वायुसेना के पायलट दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पायलटों में से हैं, जो न केवल हार्डवेयर बल्कि मानवीय तत्व के कारण हवाई प्रभुत्व बनाते हैं। चाहे वह सीमाओं पर खतरों का जवाब देना हो या हवाई श्रेष्ठता सुनिश्चित करना हो।

## खुशबू विवेक



### ऑपरेशन सिंदूर

कविता

पहलगाम है नाम जिसका स्वर्ग घिरा चारों ओर
उसी जगह पर धर्म पूछ कर मार दिया बेखौफ।

छह दिन की ब्याहता कही मुझे भी दो मार,
कहने लगा मोदी से जा कह दो छोड़ दिया तुझे जा।

बिलख बिलख रोये अर्धांगिनी कैसी विपदा आई,
इस देश में मैंने इंसान तो छोड़ो हिंदू होने की कर्ज चुकाई।

पर मोदी जी भी कहां थे चुप बैठने वाले,
उन्होंने खोल दिए सारे बंदिशों के ताले।

ऑपरेशन सिन्दूर चलाया, दुश्मनों को मजा चखाया,
लेकर सिंदूर का बदला भाईचारा का मिसाल बनाया।

सोफिया, ब्यौमिका वीर बहन ने किया आगाज,
लिया सिंदूर का बदला, बनी देश हित ताज।

भाईचारा अमन देश हो, ऐसा दिया संदेश,
हिंदू मुस्लिम के बीच न हो पाए मतभेद।

भारत की ओर बुरी नजर से जो देखा फिर कोई और,
सोफिया व्योमिका से घिरे मिलोगे तुम तो चारों ओर।

नारी को ना समझो अबला, नाहिं कोई धन,
अगर यह अन्नपूर्णा बन सकती है, तो चंडी बन संहार करेगी रण।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर

आज देश अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म शताब्दी वर्ष मना रहा है ऐसे में आज उनकी जयंती पर हम उनका स्मरण कर रहे हैं। व्यक्ति संसार में कितना समय जिया यह महत्वपूर्ण नहीं होता बल्कि उसने अपने जीवन काल में क्या-क्या कार्य किया यह अधिक महत्वपूर्ण होता है अहिल्याबाई होलकर के द्वारा जो कार्य समाज, राष्ट्र, धर्म व आध्यात्म के क्षेत्र में किए गए थे उन कार्यों के कारण ही उनको पुण्य श्लोक कहा जाता है।

अहिल्याबाई प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव की पत्नी थीं इनका जन्म 31 मई सन 1725 में हुआ था। अहिल्याबाई किसी बड़े भारी राज्य की रानी नहीं थीं। उनका कार्यक्षेत्र अपेक्षाकृत सीमित था। फिर भी उन्होंने जो कुछ किया, उससे आश्चर्य होता है। महारानी अहिल्याबाई होलकर भारत के मालवा साम्राज्य की मराठा होलकर महारानी थी इनका जन्म महाराष्ट्र के अहमदनगर के छौंड़ी ग्राम में हुआ। उनके पिता मंकोजी राव शिंदे, अपने गाव के पाटिल थे। उस समय महिलाये स्कूल नहीं जाती थी, लेकिन अहिल्याबाई के पिता ने उन्हें लिखने-पढ़ने लायक पढ़ाया। एक बार पेशवा महाराज ने मालवा से पुणे की ओर जाते हुए चंडी गांव में अपनी सेना का पड़ाव डाला। प्रातः काल पेशवा महाराज और मल्हार राव टहल रहे थे तभी मल्हार राव की दृष्टि एक बालिका पर पड़ी जो भगवान शिव की पूजा में लीन थी बाल्यावस्था में जब बच्चे का मन चंचल होता है ऐसे समय में जब उन्होंने देखा कि इतने बड़े सेना का पड़ाव घोड़े सैनिक इन सबको देखकर भी बच्ची का मन उनकी ओर आकर्षित नहीं हुआ और बालिका इन सब आकर्षणों से दूर केवल पूजा में तल्लीन थी उसके इस लक्षणों को देखकर मल्लाहर राव को लगा कि यह बालिका मेरे घर की पुत्रवधू बने तो अति उत्तम होग। मल्लाहर राव ने पेशवा महाराज को अपने मन की बात बताई तो पेशवा महाराज ने अहिल्याबाई के पिताजी को बुलाकर मल्लाहर राव के पुत्र खण्डेराव से अहिल्या के विवाह का प्रस्ताव रखा और उस प्रस्ताव को सुनकर मनकोजी मना न कर सके और इस प्रकार अहिल्याबाई इन्दौर राज्य के संस्थापक महाराज मल्हार राव होल्कर के परिवार की वधू बनाकर उनके घर में आई। उन्होंने बड़ी कुशलता से अपने पति खण्डेराव के गौरव को जगाया और कुछ ही दिनों में अपने पिता के मार्गदर्शन में खण्डेराव एक अच्छे योद्धा बन गए। मल्हारराव को ये सब देखकर संतोष होने लगा और वे आपनी पुत्र-वधू अहिल्याबाई को भी राजकाज की शिक्षा देते रहते थे। वहीं इनकी सास भी समय समय पर अहिल्याबाई को प्रोत्साहन देती रहती थी। मल्हार राव ने अपनी बहू के सद्गुणों को जानकर पुत्र की भांति उसका ध्यान रखा और जब कभी मल्हार राव लड़ाई पर जाते तो अहिल्याबाई पर राज्य की पूरी जिम्मेदारी सौंप कर जाते थे। इस प्रकार अहिल्याबाई राजकाज में भी निपुण होने लगी थी उनकी बुद्धि और चतुराई से मल्हार राव बहुत प्रसन्न थे। कुछ समय में अहिल्याबाई ने पुत्र मालेराव और कन्या मुक्ताबाई को जन्म दिया। सबकुछ ठीक चल रहा था पर नियति को कुछ और ही मंजूर था। मल्हारराव के जीवन काल में ही उनके पुत्र खंडेराव होलकर 1754 के कुम्भेर युद्ध में शहीद हुए। अहिल्या बाई अपने पति के साथ सती होना चाहती थी पर उसके ससुर ने ऐसा करने से मना किया और कहा कि मेरा बेटा तो चला गया अब तू ही मेरा बेटा है अब मेरे बेटे के सारे काम तुझे ही करने हैं। राजा राममोहन राय से पहले सती प्रथा के विरुद्ध बोलने वाले मल्हार राव थे। इस प्रकार मल्हार राव ने अहिल्याबाई को सती होने से रोका। अहिल्याबाई सती प्रथा को तो नहीं रोक सकी पर विधवाओं के संरक्षण की जिम्मेदारी उन्होंने राज्य को सोंपी। कुछ वर्ष बाद उनके ससुर मल्हार राव का भी निधन हो गया उनके निधन के बाद अहिल्याबाई ने पुत्र मालेराव को मालवा की गद्दी पर बैठाया और सारा प्रशासन अहिल्याबाई स्वयं देखती थी। अहिल्याबाई की न्याय प्रियता प्रसिद्ध थी एकबार उन्होंने अपनें पुत्र को भी अपराध होने पर सजा दी थी क्योंकि उनके लिए अपने पुत्र की भांति ही प्रजा भी पुत्रवत थी यही कारण था कि लोग उनको राजमाता कहकर सम्बोधित करते थे। दुर्भाग्य रानी अहिल्याबाई का पीछा नहीं छोड़ रहा था। उनके इकलौते पुत्र मालेराव का भी 1766 में स्वर्गवास हो गया तब महारानी पर दत्तक पुत्र लेने का भी दबाव बढ़ने लगा, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया क्योंकि वे प्रजा को ही अपना सबकुछ मानती थीं। उनके इस फैसले के बाद राजपूतों ने उनके खिलाफ विद्रोह छेड़ दिया, लेकिन रानी ने कुशलतापूर्वक उस विद्रोह का दमन कर दिया। अहिल्याबाई को मालवा साम्राज्य की महारानी बनाया गया। अपने राज्य का शासन-भार सम्भालते ही उन्होंने अपनी कुशाग्र बुद्धि से मालवा के खजाने को फिर भर दिया और अपने साम्राज्य को मुस्लिम आक्रमणकारियो से बचाने के लिए विश्वासपात्र तुकोजीराव होलकर को अपनी सेना के सेनापति के रूप में नियुक्त किया। रानी अपनी सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए युद्ध के दौरान वह खुद अपनी सेना में शामिल होकर युद्ध करती थी। उन्होंने स्त्रियों को भी शस्त्र चलाना सीखा कर महिलाओं की सेना बनाई। मालवा के राज्य को एक महिला के हाथ में देखकर पुणे पेशवा के चाचा राधोबा दादा ने मालवा पर आक्रमण करने की ठानी और सेना लेकर मालवा पर आक्रमण करने चला आया ऐसे समय में अहिल्याबाई ने तीन मोर्चों पर एक साथ लड़ाई लड़कर अपनी राजनीतिक कूटनीति के कौशल का परिचय दिया। उन्होंने पुणे पेशवा को पत्र लिखकर पूछा कि क्या आपके चाचा राधोबा आपकी सहमति से इंदौर पर आक्रमण करने आए हैं जिसके जवाब में पूना पेशवा ने कहा कि मालवा को अपनी सुरक्षा करने का स्वतंत्र अधिकार है अर्थात पूना से सैन्य सहायता रुकवा दी। दूसरा पत्र अहिल्याबाई होलकर ने मालवा के मित्र राजाओं को भेजा और सहायता की मांग की उन्होंने लिखा कि मेरे ससुर मल्हार राव ने आपके राज्यों की सदा सहायता की है आज हमारे राज्य पर संकट है ऐसे समय में आपको हमारी सहायता करनी चाहिए जिस पर ग्वालियर और भरतपुर की ओर से तुरंत सहमति का पत्र भेजा गया। इसके बाद तीसरा पत्र पेशवा के चाचा राधोबा को भेज कर कहा की होलकर साम्राज्य को एक अबला के हाथों मानकर कब्जा करने की नीयत से आप आये होंगे पर मैं कौन हूँ इसका परिचय तो आपको युद्ध भूमि में ही होगा। महिला सेना से युद्ध में जीतकर आपकी कीर्ति और यश में कोई बढ़ोत्तरी नहीं होगी और न ही प्रशंसा के पात्र बनोगे और अगर आप महिला सेना से युद्ध हार गए तो कितनी जग हंसाई होगी आप इसका अंदाजा भी नहीं लगा सकते। कहीं आप मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगे यह सोचकर ही आगे बढ़ें। अहिल्या बाई की यह बुद्धिमानी और कूटनीति काम कर गई और राधोबा ने आक्रमण करने का विचार बदल दिया इस पत्र को पढ़कर राधोबा ने लिखा की मैं युद्ध करने नहीं आया आपके पुत्र की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने आया हूँ। इसके बाद जब पेशवा ने मालवा में रहकर मालवा के प्रशासन, उद्योग और वैभव को देखा तो कहा ₹मालवा पूना के दुर्ग का अभेद द्वार है₹। रानी अहिल्याबाई ने इंदौर से अपने साम्राज्य की राजधानी महेश्वर को बनाया वहां उन्होंने 18वीं सदी का सुन्दर कलाकृति से अलंकृत अहिल्या महल बनवाया। पवित्र नर्मदा नदी के किनारे काफी मंदिरो का निर्माण करवाया। नई बनी राजधानी की पहचान कपड़ा उद्योग की बनी, जिसके कारण व्यापारी महेश्वर आने लगे लेकिन रास्ते में भील उन्हें लूट लेते थे। ऐसे लोगों से रक्षा करने के लिए रानी ने भीलों की एक सेना बनाई और उनके व जंगल के लोगों के जीवन यापन व गांव के विकास के लिए जंगल से निकलने वाले व्यापारियों पर एक नया टैक्स लगाया जिसको ₹भील कोड़ी₹ कहा गया और आदेश दिया कि अब कोई लूट अगर जंगल में होती है तो उसके लिए ग्राम सभा को दंड दिया जाएगा। उस दौरान महेश्वर साहित्य, मूर्तिकला, संगीत और कला के क्षेत्र में एक गढ़ बन चुका था। मराठी कवि मोरोपंत, शाहिर अनंतफंडी और संस्कृत विद्वान खुलासी राम उनके कालखंड के महान व्यक्तित्व थे। एक बुद्धिमान, तीक्ष्ण बुद्धि और स्वस्फूर्त शासक के तौर पर अहिल्याबाई को याद किया जाता है। हर दिन वह अपनी प्रजा से बात करती थी उनकी समस्याएं सुनती थी। उनके कालखंड (1767- 1795) में रानी अहिल्याबाई ने ऐसे कई काम किए कि लोग आज भी उनका नाम लेते हैं। अपने साम्राज्य को उन्होंने समृद्ध बनाया। उन्होंने सरकारी धन को बुद्धिमत्ता से कई किले, विश्राम गृह, कुएं और सड़कें बनवाने पर खर्च किया। वह लोगों के साथ त्योहार मनाती और दान देती थी। उन्होंने अनंत फन्दी जैसे विद्वान, श्रेष्ठ श्रृंगारिककवि, नृत्यकार व संगीतकार को एक ईश्वरीय उपदेश से आध्यायात्मिक्ता की ओर मोड़ दिया। अहिल्याबाई के राज्य में प्रजा पूरी तरह सुखी व संतुष्ट थी क्योंकि उनका मानना था कि धन, प्रजा व ईश्वर की दी हुई वह धरोहर स्वरूप निधि है, जिसकी मैं मालिक नहीं बल्कि उसके प्रजाहित में उपयोग की जिम्मेदार संरक्षक हूँ। प्रजा का संरक्षण राज्य का मुख्य कार्य होता है। उनका मानना था प्रजा का पालन संतान की तरह करना ही राजधर्म है। प्रजा के सुख दुख की जानकारी वे स्वयं प्रत्यक्ष रूप से प्रजा से मिलकर लेतीं तथा न्याय-पूर्वक निर्णय देती थीं। उनके राज्य में जाति भेद को कोई मान्यता नहीं थी व सारी प्रजा समान रूप से आदर की हकदार थी। उन्होंने किसी के उत्तराधिकारी न होने की स्थिति में प्रजा को दत्तक लेने का व स्वाभिमान पूर्वक जीने का अधिकार दिया। अहिल्याबाई किसी बड़े राज्य की रानी नहीं थीं, बल्कि एक छोटे भू-भाग पर उनका साम्राज्य था और सीमित कार्यक्षेत्र था, इसके बावजूद जनकल्याण के लिए उन्होंने जो कुछ किया, वह आश्चर्यचकित करने वाला है, वह चिरस्मरणीय है। राज्य की सत्ता पर बैठने के पूर्व ही उन्होंने अपने पति-पुत्र सहित अपने सभी परिजनों को खो दिया था इसके बाद भी प्रजा हितार्थ किये गए उनके जनकल्याण के कार्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने दिखाया कि राजसत्ता को लोकसत्ता की तरह कैसे चलाया जाता है। जो लोग कहते हैं लोकतंत्र भरत में अंग्रेज लाये उन्हें अहिल्याबाई के शासन को देखना चाहिए। मुस्लिम आक्रमणकारियों के द्वारा तोड़े हुए मंदिरों को देखकर ही उन्होंने विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर व सोमनाथ में शिव मंदिर का निर्माण कराया जहां शिवभक्तों के द्वारा आज भी पूजा की जाती है। बनारस में अन्नपूर्णा का मन्दिर, गया में विष्णु मन्दिर कलकत्ता से बनारस तक की सड़क, उनके द्वारा बनवाये हुए हैं। शिव भक्त अहिल्याबाई शिवपूजन के बिना मुंह में पानी की एक बूंद नहीं लेती थी। सारा राज्य उन्होंने शंकर को अर्पित कर रखा था। वे शिव की सेविका बनकर शासन चलाती थी। उनका सारा जीवन वैराग्य, कर्त्तव्य- पालन और परमार्थ की साधना का बन गया। शिव के प्रति उनके समर्पण भाव का पता इस बात से चलता है कि अहिल्याबाई राजाज्ञाओं पर हस्ताक्षर करते समय अपना नाम नहीं लिखती थी, बल्कि पत्र के नीचे केवल श्री शंकर लिख देती थी। उनके रुपयों पर शिवलिंग और बिल्व पत्र का चित्र ओर पैसों पर नंदी का चित्र अंकित है। कहा जाता है कि तब से लेकर भारतीय स्वराज्य की प्राप्ति तक अहिल्याबाई बाद में जितने नरेश इंदौर के सिंहासन पर आये सबकी राजाज्ञाऐं जब तक श्रीशंकर की नाम से जारी नहीं होती, तब तक वह राजाज्ञा नहीं मानी जाती थी और उस पर अमल भी नहीं होता था।



अरविन्द भाई ओझा
कथा व्यास मोदीनगर

# उपज पत्रकार संगठन के अधिवेशन में बेवाक बोले कैबिनेट मंत्री, पत्रकारों का सम्मान कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** शहर के एक होटल में शुक्रवार को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में प्रांतीय पत्रकार अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसमें करीब 40 जनपदों के सैकड़ों पत्रकार और उपज पत्रकार संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। एन यू जे आई के फाउंडर शंकरदास ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की आत्मा है मगर तथाकथित व्यक्ति इस मिशन को गलत कार्यों के जरिए कलंकित करने का कार्य करते हैं जिससे अच्छे पत्रकार भी बदनाम होते हैं मीडिया देश का चौथा स्तंभ है पत्रकार अपनी सही लेखनी के जरिए लोगों को न्याय दिलाने का काम करें। प्रदेश सरकार मीडिया को निर्भीकता से सच्चाई लिखने की आजादी दे रही है किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न नहीं हो रहा है पत्रकार संगठनों को गलत कार्य कर रहे तथाकथित मीडिया कर्मियों का भी पुरजोर विरोध कर शासन के संज्ञान में लाना चाहिए। जिससे उन पर कड़ी कार्यवाही हो सके।उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट, (उपज) इकाई मथुरा के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल, महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान नेतृत्व में विपिन अग्रवाल, विजय सिंघल, साहूकार शर्मा, मुकेश गुप्ता, अनुज उपमन्यु आदि ने पत्रकारों हितों में मुख्यमंत्री के नाम कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौंपा। एन यू जे आई के फाउंडर शंकर दास, राष्ट्रीय महामंत्री त्रियुगनारायण तिवारी, उपज प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह, प्रदेश महा मंत्री आनंद कर्ण, मुख्य वक्ता डॉक्टर प्रसून शुक्ला, एडवोकेट महेंद्र प्रताप एडवोकेट, डॉ अशोक अग्रवाल, उमेश अग्रवाल ने हिंदी पत्रकार और पत्रकारिता पर अपने अपने विचार रखे। उपज पत्रकार संगठन मथुरा इकाई के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी को पटुका पहना कर एवं राधा कृष्ण की छवि भेंट कर सम्मान किया। कैबिनेट मंत्री ने भी उपज इकाई मथुरा आभार व्यक्त किया और उपज इकाई के समस्त पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रशांत गौतम, वीरेंद्र वर्मा, वेद प्रकाश सारस्वत, विपिन सारस्वत, चेतन राघव, सुनील राज, वीरेंद्र छौंकर, गोपाल अग्रवाल, सुजीत वर्मा, डॉक्टर जगदीश पाठक राजू आदि मौजूद रहे। संचालन। डॉ विवेकानंद नंद पांडे ने किया।



# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर सीएमओ ने दिलायी शपथ



**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**

रामपुर विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जनपद रामपुर में चलाए जा रहे तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम को तहसील स्तर पर विशेष तौर पर प्रचार प्रसार एवं जुमार्ने की कार्रवाई पर विचार विमर्श किया गया एवं जुमार्ना एवं छापेमारी की रूपरेखा तैयार की गई। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में जिला चिकित्सालय रामपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीएसएम नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा तंबाकू के हानिकारक प्रभाव को दशार्ते हुए विभिन्न प्रकार केस पोस्टर आदि बनाये गये। इन पोस्टर का अवलोकन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा द्वारा किया गया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाये गये पोस्टर को चिकित्सालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता हेतु लगाया।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी एक व्यक्ति ने जनपद बागपत के गांव हमिदाबाद निवासी एक युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी युवक व किशोरी की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी एक व्यक्ति ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह सुबह सवेरे गांव के ही ईंट भट्ठे पर अपने परिवार सहित कच्ची ईंट पथाई करने के लिए गया हुआ था। और घर पर उसकी 17 वर्षीय पुत्री अकेली थी। पीड़ित का आरोप है कि जनपद बागपत के गांव हमिदाबाद निवासी एक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ बाइक पर बिठाकर ले गया। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि आरोपी युवक पूर्व में ही गांव में अपनी बहन के यहां रिश्तेदारी में आता जाता रहता था तभी से उसकी पुत्री पर बुरी नजर रखता था।

# थाना पुलिस व वन विभाग की मिली भगत से लकड़ी माफिया ने शीशम व तुन आधा दर्जन हरे-भरे पेड़ों उड़ा दिए

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर :** भले ही उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर वृक्षारोपण के बड़े बड़े अभियान चला रही हो, वहीं दूसरी ओर थाना आहार क्षेत्र के गांव भगवन्तपुर में लकड़ी माफियाओं के हौसले चौंका देने वाले हैं। वन विभाग की मिलीभगत से लकड़ी माफियाओं ने बेखौफ होकर शीशम, के आधा दर्जन प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ों की कटाई शुरू कर दी है। भगवन्तपुर में शुक्रवार को लकड़ी माफियाओं ने आधा दर्जन प्रतिबंधित पेड़ो को दिन दहाड़े काट डाला। केवल इतना ही नहीं पेड़ो को जड़ से उखाड़ कर मिटा दिया गया। ताकि किसी को भनक तक न लगे। लकड़ी माफिया बेखौफ होकर प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ो को काटकर अपने ट्रैक्टर ट्रॉली में लाद कर ले गए। अफसोस की बात यह है कि वन विभाग को इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, तो कारवाई कब होगी? इस मामले ने पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय निवासियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब अधिकारियों की नाक के नीचे ये सब हो रहा है, तब पर्यावरण की सुरक्षा और वृक्षारोपण अभियान के सच्चे उद्देश्य को हासिल करना मुश्किल है। खाना खानपुर क्षेत्र के गांव अमरपुर में भी धड़ा धड़ा आम के हरे भरे वृक्षों पर दिन रात कुल्हाड़ी बज रही है अफसोस की बात है की स्थानीय पुलिस संबंधित विभाग को इसकी भनक तक नहीं है मजबूत कार्यवाही न होने की वजह से बढ़ रहे हैं कटान के मामले वन विभाग के दरोगा प्रमोद कुमार भारतीय ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी देखना होगा कि वन विभाग किस प्रकार कार्यवही करता है।



## ऐतिहासिक अग्रवाल समाज का चुनाव आज

प्रयागराज में अग्रवाल समाज प्रयागराज का द्विवार्षिक चुनाव आज दिनांक 1 जून 2025 दिन रविवार को सुबह 10 :00 बजे से 2 :00 बजे तक होने जा रहा है। इस चुनाव में सभी आजीवन सदस्य/संरक्षक सदस्य अपने मत का इस्तेमाल कर सकते है। आपसे निवेदन है की समय से आकर आप अपने अमूल्य मत अध्यक्ष प्रत्याशी श्री पीयूष रंजन अग्रवाल, महामंत्री प्रत्याशी श्री अभिषेक मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी श्री मनीष गोयल एवं उनकी टीम को देकर भारी मतों से विजयी बनाएं। समाज को एक कदम और आगे विकास की तरफ ले जाने के लिए उनके हाथ को मजबूत करें।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर ब्रजघाट चौकी प्रभारी के द्वारा स्कूटी पर की गई कार्यवाही से मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तीर्थ नगरी ब्रजघाट में स्थित बृजघाट चौकी प्रभारी के द्वारा यातायात नियमों को ठेंगा दिखाने वाले स्कूटी चालक के विरुद्ध की गई कार्यवाही को लेकर हड़कंप मचा हुआ है।बता दे कि एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में हापुड़ पुलिस एवं यातायात ट्रैफिक पुलिस के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान जारी है। इसी क्रम में ब्रजघाट चौकी प्रभारी के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एक स्कूटी को सीज करने की कार्यवाही करते हुए 16500 रू का चालान किया गया है। जिसको लेकर तीर्थ नगरी में हड़कंप मचा हुआ है।



## अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को 10 जून तक किया जायेगा माह जून के खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण

**गुलजार आलम वेलकम मीडिया**

रामपुर जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जून, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण प्रारम्भ हो गया है और 10 जून, 2025 तक वितरण कराया जायेगा। इस अवधि में अंत्योदय कार्डों के मध्य प्रतिकार्ड 14 किग्रा. गेहूं व 21 किग्रा. चावल (कुल 35 किग्रा.) खाद्यान्न एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 02 किग्रा0 गेहूँ प्रति यूनिट तथा 03 किग्रा0 चावल प्रति यूनिट (कुल 05 किग्रा0 प्रति यूनिट) खाद्यान्न का वितरण नि:शुल्क किया जाएगा।

इस योजना के अन्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 10 जून, 2025 निर्धारित है। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से नि:शुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। साथ ही जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित गया कि उपभोक्ताओं/कार्डधारकों के बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल उसी समय अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध करा दी जाये।

# डाइट पर मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में विश्व तम्बाकू दिवस मनाया गया। इसके तहत प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र सिंह ने संस्थान के सभी डीएलएड प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने संस्थान के साथ साथ अपने जीवन को तम्बाकू रहित बनाए रखना है तभी इस दिन को मनाने का सही मतलब होगा।प्रवक्ता शिखा शर्मा ने डीएलएड प्रशिक्षुओं अर्पिता सिंह आशी, ज्ञान देवी, नेहा, अदिति, पूजा, स्नेहा, कोमल और दीप शिखा आदि से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के ऊपर पोस्टर प्रस्तुतिकरण कराया गया। डीएलएड प्रशिक्षु रोहित प्रताप सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह और डार्विन गुप्ता ने संस्थान के समस्त प्रशिक्षुओं को तम्बाकू निषेध दिवस की शपथ कराई। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर डीएलएड प्रशिक्षुओं योगिता, सोनाली और मेघना ने तम्बाकू निषेध दिवस पर प्रकाश डाला कि हमको तम्बाकू जैसी चीजों से बहुत दूर रहना चाहिए और अपने संस्थान को भी इससे बचाना चाहिए। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी प्रवक्ता सिंह, हरेश सिंह, नरेन्द्र सिंह, शिखा, रचना बाला, डॉ.गौरव गुंजन, हिमांशु रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डीएलएड प्रशिक्षु सौरभ ने किया।



## विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन/नोडल अधिकारी गिरिजेश कुमार त्यागी (आई0ए0एस0) द्वारा विकास खंड पौली का भ्रमण कर विकास कार्यक्रमों/योजनाओं कर लिया गया जायजा

**वेलकम इंडिया**

- नोडल अधिकारी द्वारा विकासखंड पौली के ग्राम पंचायत उदहां, रोशया बाजार एवं कुड़वा क्षेत्र का भ्रमण कर ग्राम वासियों से योजनाओं/सुविधाओं का लिया गया फीडबैक

**संतकबीरनगर।** विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन/नोडल अधिकारी गिरिजेश कुमार त्यागी (आई0ए0एस0) द्वारा पौली विकासखंड मुख्यालय एवं क्षेत्र का भ्रमण किया गया। उन्होंने विकास खंड पौली अंतर्गत आकांक्षात्मक कार्यक्रमों की विभिन्न संकेतकों पर आधारित योजनाओं की समीक्षा कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया।

निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान विकासखंड मुख्यालय पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल जीवन मिशन, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि क्षेत्र से संबंधित समस्त विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के क्रम में नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत उदहां, रोशया बाजार एवं कुड़वा का क्षेत्र भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत सचिवालय, प्राथमिक वि?द्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पानी की टंकी, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवास, खेल के मैदान आदि का अवलोकन किया गया। बैठक व निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, खंड विकास अधिकारी पौली आनंद गुप्त, मुख्यमंत्री शोधार्थी अंकित तिवारी सहित एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी व ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन हेतु ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा शिविरों का आयोजन

**गुलजार आलम वेलकम मीडिया**

रामपुर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन हेतु जनपद के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के लिए नियमानुसार एवं आवश्यकतानुसार चिकित्सीय दल का भी गठन किया गया है, जिससे दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और उनकी आवश्यकता के सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का एक विशेष अभियान के रूप में क्रियान्वयन के लिए जनपद के प्रत्येक दिव्यांग बच्चे तक पहुॅच हो सके और उनका एक डाटा बेस भी तैयार कराया जा रहा है। यह समस्त कार्यवाही 15 अगस्त 2025 तक पूर्ण किया जाना है। इन दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन हेतु विकास खण्ड स्तर पर व तहसील स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि तहसील मुख्यालय रामपुर में 02 जून, 2025 को एवं तहसील टाण्डा में 03 जून 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्रीय कार्मिकों के माध्यम से शिविरों में अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों का पंजीकरण कराने एवं शिविरों के सफल आयोजन हेतु अपना सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें, जिससे चिन्हित दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जा सकें।




## पांच थानों की पुलिस गांव में मौजूद चोर ले उड़े रिटायर्ड सूबेदार के घर से लाखों के नकदी गहने

**औरंगाबाद /बुलंदशहर।** गांव सेगली में अज्ञात बदमाश एक रिटायर्ड सूबेदार के घर में घुसकर सेफ खंगाल कर दिन दहाड़े लाखों के सोने चांदी के जेवरात और पचास हजार की नकदी ले उड़े। घटना के दौरान गांव में पांच थानों की पुलिस मौजूद थी। पीड़ित परिवार गांव में चल रहे देव दादा के वार्षिक भंडारे एवं रागनी कंपीटिशन में भाग लेने गया हुआ था। पीड़ित परिवार ने पुलिस को लिखित तहरीर दी मामला अभी दर्ज नहीं हुआ है। अगौता थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनाहपुर सेगली में शुक्रवार को देव दादा की समाधि स्थल पर हर वर्ष की भांति भंडारे और रागिनी कंपटीशन का आयोजन किया गया था। भंडारे में आसपास के दर्जनों गांवों से आए हजारों लोग शामिल होते हैं।आयोजन को शांति पूर्वक संपन्न कराने की गरज से आसपास के पांच थानों की पुलिस भी गांव में मौजूद थी। गांव निवासी रिटायर्ड सूबेदार चौधरी जगवीर सिंह का परिवार भी भंडारे में शामिल होने गया हुआ था। जब परिजनों ने दोपहर लगभग दो तीन बजे घर पहुंचकर घर खोला तो घर में रखी सेफ अस्त–व्यस्त पाई।

# समाजवादी पार्टी छोड़कर फुरकान कुरैशी ने ली कांग्रेस की सदस्यता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पटका पहनाकर किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया, राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी धौलाना पहुंचे। जहां संगठन सृजन अभियान की एक बैठक हुई। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत लोगों को घर घर जाकर लोगों को जोड़ने का कार्य पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा हैं। बैठक में जिला समन्वयक अवनीश काजला भी पहुंचे। जिला समन्वयक अवनीश काजला ने कहा कि पार्टी के निर्देश पर हर जनपद की प्रत्येक विधानसभा में जाकर चौपाल बैठक की जा रही है। जिसका उद्देश्य संगठन को खड़ा कर मजबूत करना हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी छोड़कर आए फुरकान कुरैशी ने आज संगठन सृजन की बैठक में कांग्रेस की सदस्यता ली। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने फुरकान कुरैशी का पटका और फूल माला पहनाकर स्वागत किया हैं। पार्टी की सदस्यता लेते हुए फुरकान कुरैशी ने कहा हैं कि पार्टी से उन्हें जो जिम्मेदारी मिलेगी, वह उस जिम्मेदारी को पार्टी की विचारधारा में आस्था रखते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएंगे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रदेश सचिव डॉक्टर शोएब ने किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हरिओम चौहान, सोशल आउटरीच कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप आत्रेय, पूर्व बिक अध्यक्ष चमन शर्मा, रामौतार ठेकेदार, पूर्व जिला सचिव मोहम्मद जावेद राणा, मुरसलीन चौधरी, मन्नू प्रधान, सलीमुद्दीन सैफी, मुस्तजफ चौधरी, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे.!

## समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में



**वेलकम इंडिया, राजेंद्र सिंह**

हापुड़ समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय जनपद हापुड़ पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती मनाई गई राजमाता अहिल्या होलकर जी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात सभी पदाधिकारी गणों ने पुष्प अर्पित करके उनको श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष तेजपाल प्रमुख, जिला प्रवक्ता संजय सिंह यादव, मोहम्मद अयूब सिद्दीकी, अख्तर मालिक, आदेश गोस्वामी, पुरुषोत्तम वर्मा, सद्दाम कुरेशी, मो मोहसिन सलमानी, प्रियाक त्यागी, रेशमा यादव, यसी यादव, राधा यादव, दिल जहां, रिहाना, मुन्नी, अंजुम, इशरत, शबाना, साइन, राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार अंबा चौधरी डॉक्टर राजेश कुमार यादव, सचिन पंडित, आदि लोग उपस्थित रहे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली रैली!




**वेलकम इंडिया**

प्रयागराज नैनी में सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ एल्कोहलिज्म एंड सब्स्टेंस ड्रग्स एब्यूज ( रढअरऊअ) निःशुल्क आउट रीच ऐंड ड्रॉप इन सेंटर (डऊकउ) प्रयागराज नैनी में ओ० डी० आई० सी० के सभी कर्मचारी विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली रैली! रैली मे परियोजना प्रबंधक (नौशीन बानो) और साथ ही सभी ओ० आर० डब्लू० नैनी ओ० डी० आई० सी० से प्रस्थान किया और छिवकी स्टेशन से होते हुए ए० डी० ए० पहुंच कर लोगों को तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूक किया तथा धूमपान करने से भविष्य में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया!

## जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने 6 दिवसीय शानदार समर कैंप में मस्ती, सीख और मुस्कान को एक साथ पिरोया!

**वेलकम इंडिया, राजेंद्र सिंह**



हापुड़ जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने मस्ती, सीख और रचनात्मकता से भरपूर 6 दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कैंप में कई तरह की आकर्षक गतिविधियाँ शामिल थीं, जो छात्रों के ग्रीष्मकालीन अवकाश के अनुभवों को समृद्ध करने के लिए बनाई गई थीं। कला और शिल्प की चमकदार कलात्मकता, मजेदार नॉन-फायर कुकिंग सेशन, जीवंत नृत्य कक्षाएं, जिज्ञासु संचार व्याख्यान, सुखदायक योग और संगीत की धुन, आरामदायक मूवी टाइम और ताजगी देने वाली पूल पार्टी थी। इस कैंप में यह सब था! कैंप की शुरूआत ही रंगों के बहते फव्वारे की तरह रंगीन साबित हुई क्योंकि स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ आयुष सिंघल, स्कूल सचिव डॉ रोहन सिंघल और स्कूल की प्रिंसिपल डॉ निधि मलिक उन्होंने कहा कि ₹ऐसे शिविर छुट्टियों के दौरान बच्चों को सक्रिय रूप से शामिल रखने का सबसे अच्छा तरीका है।₹ सचिव डॉ. रोहन सिंघल ने कहा कि इस शिविर में छात्रों को अपने संचार कौशल को बेहतर बनाने और अपनी रचनात्मकता को बढ़ावा देने का अवसर मिला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, ₹सभी छात्रों को गर्मियों की हार्दिक शुभकामनाएं।₹ प्रिंसिपल डॉ. निधि मलिक ने इस शिविर के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगे कहा, ₹शिविर के दौरान आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों ने न केवल छात्रों को खुशी दी, बल्कि उनकी रचनात्मक और संज्ञानात्मक कौशल को भी बढ़ाया।₹ इवेंट मैनेजर सुश्री ईशा जैन ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, ₹छात्रों को शिविर के हर पल का आनंद लेते देखना बहुत खुशी की बात थी; उनकी ऊर्जा और उत्साह वास्तव में संक्रामक था।₹ छात्रों की माताओं के लिए एक नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन शिविर का विशेष आकर्षण था।

## यूपी के पांच मजदूरों की पंजाब के पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से हुई दर्दनाक मौत

**वेलकम इंडिया राजेंद्रसिंह**



**हापुड़:** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने बताया कि यूपी में बेरोजगारी बड़ने के कारण शिक्षित नौजवान और मजदूर यूपी से पलायन कर पंजाब दिल्ली हिमाचल सहित अन्य राज्यों में रोजगार को लेकर पलायन कर रहा है! जबकि पंजाब के मुक्त सर जिले ग्राम सिंधवाला में पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त तेजी से विस्फोट होने से यूपी के पांच मजदूर हाथरस जिले के एक अली गढ जिले के दो और फिरोजाबाद जिले के दो मजदूरों की दर्दनाक मत्यु हो गई! यूपी सरकार पंजाब की घटना को लेकर खामोश हैं! जो कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है !ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी पांच मजदूरों की दर्दनाक मत्यु एवं ह्रदय विदारक घटना पर शौक व्यक्त करती हैं और यूपी पंजाब सरकारो से मृतक मजदूरों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने हेत पचास पचास लाख रुपये देने की तत्काल मांग करती हैं और पोस्टमार्टम के बाद बॉडी को एम्बुलेंस के द्वारा मृतक के गृह जिलों में तत्काल भेजने की मांग करती हैं!

## रामजाने क्लब ने जीता नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का मैच

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** टांडा में स्वर्गीय जफर इकबाल, मुहम्मद आलम, मंसूर अख्तर, मास्टर सगीर मैमोरियल नाइट क्रिकेट टूनामेंट में रामजाने क्रिकेट क्लब ने इंद्रा क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम में खेले गए मैच में इंद्रा क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंद्रा क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 90 रन बनाए, जबकि रामजाने क्लब ने 10.4 ओवर में 95 रन बनाकर मैच जीत लिया। रामजाने क्लब के खिलाड़ी अकशू बाजवा को ऑलराउंडर प्रदर्शन के आधार पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने 37 रन बनाए और 2 विकेट लिए। बारिश के कारण मैदान में पानी भरने से निर्धारित शेड्यूल के 2 मैच नहीं हो पाए थे, जो अब 3 और 4 जून को होंगे। टूनामेंट कमेटी ने मैचों के आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। टूनामेंट कमेटी के संयोजक हाजी सरफराज, अध्यक्ष हाजी जुल्फिकार और अन्य सदस्य मैच के दौरान उपस्थित रहे।

## एसपी ने टाण्डा कोतवाली का किया आकस्मिक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** शनिवार देर शाम पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने अपर पुलिस अधीक्षक के साथ टाण्डा कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया और पुलिस बल के साथ नगर के रामपुर मार्ग पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। कोतवाली में व्यवस्थाएं दुरुस्त पाए जाने पर एसपी ने प्रभारी निरीक्षक सहित स्टाफ की सराहना की।

एसपी विद्यासागर मिश्र शनिवार की देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक के साथ कोतवाली पहुँचे।जहां उन्होंने विभिन्न अभिलेखों की गहन जांच की। मालखाना, महिला हेल्प डेस्क और कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। इसके बाद पुलिसकर्मियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के पश्चात एसपी ने रामपुर मार्ग पर पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और नागरिकों में विश्वास जगाया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ इस अवसर पर मौजूद रहा।

## सर्पदंश से किशोरी की हुई मौत परिवार में मचा कोहराम

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**




हापुड़/पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव में सोते समय किशोरी को सांप के द्वारा काटने पर किशोरी की हुई दर्दनाक मौत से परिवार में मचा कोहराम।

आपको बता दें कि पिलखवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव खेड़ा में बरेली निवासी सुखपाल सिंह अपने परिवार के साथ रहता है और रेडी लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। जिसके चलते शुक्रवार की देर रात्रि सुखपाल सिंह का परिवार नींद में सोया हुआ था। इसी बीच उसकी 19 वर्षीय बेटी सोनी को सांप ने काट लिया। बेटी की चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग जाग गए। और सोनी को आनंन-फानन में पीड़ित परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सर्पदंश से हुई सोनी मौत को लेकर स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# परिवार जीवन की अनमोल संपति है ,ये सिर्फ खून के रिश्तों का बंधन नही इश्वर का दिया एक वरदान है: रिमझिम सिंह

**वेलकम इंडिया**



नई दिल्ली (एहसान अंसारी )। परिवार जीवन की वह अनमोल संपत्ति है, जिसके बिना जीवन अधूरा सा लगता है। यह सिर्फ खून के रिश्तों का बंधन नहीं, बल्कि प्यार, विश्वास और अपनापन का एक खूबसूरत संगम होता है। परिवार हमारे सुख-दुःख का साक्षी होता है, जो हमें हर मुश्किल घड़ी में संबल प्रदान करता है। जब दुनिया की भीड़ में हमें कोई नहीं पहचानता, तब परिवार ही हमें अपनाता है और हर हाल में हमारे साथ खड़ा रहता है। आज के दौर में, जब भागदौड़ भरी ज़िंदगी में रिश्तों में दूरी बढ़ रही है, तब परिवार का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। तकनीक और डिजिटल दुनिया ने भले ही हमें ग्लोबली कनेक्ट कर दिया हो, लेकिन दिलों की दूरियां कहीं न कहीं बढ़ गई हैं। ऐसे में, परिवार ही वह आधारशिला है, जो हमें जमीन से जोड़े रखता है और जीवन को सही दिशा देता है। जिनका उद्देश्य आपको परिवार के महत्व देता है। दिल्ली पुलिस में नॉर्थ वेस्ट एडिशनल डीसीपी सिकंदर सिंह और उनकी पत्नी रिमझिम सिंह दोनों की जोड़ी राम और सीता की है। पत्रकार एहसान अंसारी से बातचीत में रिमझिम सिंह ने कई महत्वपूर्ण बातें बताई जो उन परिवारों के लिए है जो भागती दौड़ती जिंदगी में हर दिन परिवार बच्चो और अपने बड़े बुजुर्गों से दूर होते जाते है।परिवार में खूबसूरती और अच्छी चीजें बनाने के लिए, प्यार, सम्मान, एक-दूसरे पर विश्वास, और खुलापन महत्वपूर्ण हैं। परिवार के सदस्यों के बीच मजबूत संबंध, एक-दूसरे के लिए दयालुता, और एक-दूसरे का समर्थन करने से एक खुशहाल और सामंजस्यपूर्ण परिवार का निर्माण होता है. हाल ही में रिमझिम सिंह अपने सास और ससुर के 50 एनिवर्सरी बिहार अपनी मिट्टी अपने गांव अपने पूरे परिवार के साथ बहुत धूम धाम से मनाया जाएगा। रिमझिम सिंह ने ये एक संदेश दिया हैं कि काम के साथ अपने पूरे परिवार को कैसे संभाल कर रखना है बच्चो को स्ट्रेस से दूर रखना है उन्हें टाईम देना है अच्छी शिक्षा के साथ अच्छी परवरिश देना है ।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत गोष्ठी आयोजित

वेलकम इंडिया




**कांधला। मोहसीन रहमानी।** खंड विकास क्षेत्र के गांव पंजोखरा में कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि अधिकारियों के साथ दर्जनों किसानों ने भाग लिया। कृषि गोष्ठी के दौरान विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत तकनीकी जानकारी दी गई।

शनिवार को विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंजोखरा मे डा संदीप चौधरी ने मशरूम की जानकारी देते हुए बताया कि मशरूम के औषधीय गुण प्रोटीन, रेशा, विटामिन तथा खनिज लवण प्रचुर मात्रा में पाये जाते है ताजे मशरूम में 80-90 प्रतिशत पानी होता है तथा प्रोटीन की मात्रा 12-35 प्रतिशत, काबोर्हाइड्रेट 26-82 प्रतिशत एवं रेशा 8-10 प्रतिशत होता है मशरूम में पाये जाने वाला रेशा पाचक होता है। मशरूम शरीर की प्रतिरोधी क्षमता को बढाता है स्वास्थ्य ठीक रहता है कैंसर की सम्भावना कम करता है गॉठ की वृद्धि को रोकता है, रक्त शर्करा को सन्तुलित करता है। मशरूम की खेती में उपयोग होने वाली प्रमुख तकनीकी कि विधिया शेल्फ विधी, पॉलीथीन बैग विधि व ट्रे विधि मे बताया। मिश्रित खेती के बारे मे तकनीकी जानकारी दी। कृषि मशीनीकरण विषय पर डा साकिब प्रवेज ने विभिन्न जुताई विधियों के लिए अलग-अलग मशीनरी का उपयोग आवश्यक है कृषि यंत्र माउंटेड डिस्क हल, हेंगा, रोटरी टिलर, हल, माउंटेड डिस्क हल, कल्टीवेटर, हेवी ड्यूटी सबसॉइलर, बोने और बीजाई की मशीन जैसे रोटो सीड ड्रिल, हैप्पी सीडर, डिस्क बीज ड्रिल, वायवीय प्लान्टर, मल्टी क्रॉप रो प्लान्टर, पोस्ट होल डिगर के आर्थिक लाभ, मशीनो के रखरखाव, सरकारी अनुदान पर चर्चा की। सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार कृषि विभाग की योजनाओ की जानकारी दी। बीज भण्डार पल उपलब्ध धान बीज पी बी 1692, 1885, 1847, 1509 आदि के बारे मे बताया। फसल बीमा, सोलर पम्प, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, जिपसम के बारे मे बताया। सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा अजय तोमर ने जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, घनजीवामृत, दशपर्णी अर्क का प्रयोग करते हुए प्राकृतिक खेती, जैविक खेती के बारे मे बताया। मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी सन्नी चौहान ने पोषक तत्व, मृदा परीक्षण के बारे मे बताया। इस मौके पर निहाल सिंह, इश्वर सिंह, इसम सिंह शिवम, राममनोरथ, निर्भयपाल एटीएम, आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल, गंभीर अवस्था में रेफर

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित पुलिस चौकी के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई बाइकों पर सवार चार लोगो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बाइकों की टक्कर चपेट में एक अन्य व्यक्ति और घायल हो गया।हादसे की जानकारी होने पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। शनिवार को दिल्ली निवासी राहुल अपने साथी गांव ककड़ीपुर निवासी अभिनव के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बुढाना की ओर जा रहे थे। दोनों बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र की भभीसा चौकी के समीप पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे गांव राजपुर-छाजपुर निवासी अमन पुत्र असलम व समीर पुत्र आश मोहम्मद की बाइक से टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की टक्कर में बाइक पर सवार चारों लोग घायल हो गए। एक अन्य बाइक पर पिछे- पीछे गुजर रहा कस्बा दोघट निवासी राहुल पुत्र विजेंद्र भी हादसे की चपेट में आकर घायल हो गया। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में घायल हुए परिजनों से जानकारी करने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी मौके पर घायलों के परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी घायल पक्ष ने थाने पर कोई भी शिकायत नहीं की थी।

# एसएसपी के आदेशानुसार थाना डिबाई परिसर में की गयी पीस कमेटी की मीटिंग



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार थाना डिबाई परिसर में क्षेत्राधिकारी डिबाई शोभित कुमार, तहसीलदार डिबाई चन्द्रप्रकाश पांडेय, ईओ डिबाई अरविन्द मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक थाना डिबाई द्वारा आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने हेतु सर्व-समाज की बैठक आयोजित की गयी जिसमे सभी वर्गो के लोगों द्वारा भाग लिया गया। गोष्ठी मे उपस्थित अधिकारीगण द्वारा सभी लोगो से मिलजुल कर रहने तथा त्यौहारो को शान्तिपूर्ण रुप से मनाने एवं आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने की अपील की गयी जिस पर गोष्ठी मे मौजूद सभी वर्गो के संभ्रान्त लोगो द्वारा मिल जुलकर रहने व शान्ति बनाये रखने का आश्वासन दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया है कि किसी भी असामाजिक तत्व को माहौल खराब नही करने देगे, यदि कोई बाहरी व्यक्ति आन्तरिक मामलो मे दखल देकर आपसी सौहार्द व भाईचारा बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो स्थानीय पुलिस को सूचना देकर उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करायी जायेगी।

# वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर महिला सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर पालिका परिषद के सभागार में वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष सहित सभासदों ने महिला सफाई कर्मियों को प्रतीक चिन्ह बैठकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने वीरांगना अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में सैकड़ो लोग मौजूद रहे।नगर पालिका परिषद के मीटिंग हॉल में माता अहिल्या बाई होलकर के जन्म दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल ने वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीरांगना माता अहिल्याबाई होलकर संपूर्ण जीवन प्रेरणादाई है। जिनके कार्यों को लोग युगों युगों तक याद रखेंगे। उनके भारतवर्ष को दिए गए योगदान को लोग कभी भी भूल नहीं पाएंगे। अहिल्याबाई होलकर ने समाज हित और देश हित को सर्वोपरि रखा। महारानी अहिल्याबाई होलकर भारत के मालवा साम्राज्य की मराठा होलकर महारानी थी। अहिल्याबाई होलकर एक ऐसा नाम है जिसने अपने बलबूते पर भारतीय परंपरा तथा संस्कार की रक्षा हेतु तथा धर्म, समाज और राष्ट्रहित के लिए कुछ ऐसे कार्य किये कि उनका नाम इतिहास के पन्नों में अमर हो गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अहिल्या बाई होलकर के जीवन और महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया और विस्तार से जानकारी दी।आयोजन में महिला सफाई कर्मचारियों को कर अधीक्षक शीतल गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर सभासद प्रदीप कुमार भार्गव, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ रश्मिकांत जैन, सतबीर वर्मा, सुधीर सैनी, भाजपा नेत्री प्रतिभा उर्फ सिमरन, पायल कशयप, डॉ रामकुमार शर्मा, राजीव शर्मा, अशोक चौहान, दीपक गुप्ता, सादिक जंग, राम कुमार शर्मा, रवि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नाली के विवाद पर महिला के साथ मारपीट, तीन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक महिला ने पड़ोस के तीन लोगों पर नाली की सफाई करने के दौरान मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी महिला अंजू पत्नी तिरसपाल ने बताया कि वह शनिवार की सुबह सवेरे अपने घर के बाहर से नाली की सफाई कर रही थी। पीड़िता ने नाली में पड़ी ईंट हटा दी आरोप है कि तभी ईट हटाने को लेकर पड़ोस के ही तीन लोग मौके पर आ गए और पीड़िता के साथ गाली-गलौज करते हुए विरोध करने पर लात-घुसो व डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने के लिए जब पीड़िता का देवर कुलदीप आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। शौर शराबा होने पर मौके पर पड़ोस के लोग भी जमा हो गए आरोपी मारपीट करने के बाद फरार हो गए। पीड़ित परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। महिला ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# भाविनी डे केयर सेंटर प्रयागराज समर कैंप समापन समारोह का भव्य आयोजन



वेलकम इंडिया

भाविनी वेलफेयर सोसाइटी के अंतर्गत संचालित भाविनी डे केयर सेंटर प्रयागराज में आयोजित समर कैंप का समापन समारोह आज विशेष भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुंदरकांड पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान माता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती भी मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि श्री गिरीश द्विवेदी और विशिष्ट अतिथि के.पी ट्रस्ट से प्रशासनिक कार्यकर्ता रवि श्रीवास्तव एवं संतोष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत गीत के माध्यम से भाविनी परिवार ने उन्हें सम्मानित किया। संस्थान की सचिव पूनम सिंह ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में समाजसेवा की भावना को बढ़ावा देने और विशेष बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत ह्लहम कथा सुनाते हैं राम सकल गुणगान कीह्व इस रामायण भजन से हुई, जिसे विशेष बच्चों ने प्रस्तुत किया। इसके बाद नृत्य, गीत, कविता व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर झलक देखने को मिली।

# कनिका व अमृता ने किया विद्यालय का नाम रोशन



वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** नगर के आहार रोड पर स्थित प्रहलाद स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। विद्यालय की कक्षा 10 में पढ़ने वाली कनिका शर्मा व कक्षा 12 की अमृता अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अव्वल रही। शनिवार को दोनों छात्राओं के इस प्रदर्शन पर विद्यालय प्रशासन ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। आयोजित सम्मान समारोह में नगर की नर-नारायण सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। संस्था के संरक्षक नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डी. के. गर्ग, उपाध्यक्ष डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. अशोक वार्ष्णेय व संस्था के सचिव राजीव अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शनिवार की सुबह विद्यालय में आयोजित समारोह में दोनों मेधावी छात्राओं को माला व पटका पहनाकर सम्मानित किया जिसके बाद दोनों छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर के साथ सामान्य ज्ञान की पुस्तक व प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# आरंभ इवेंट्स की तरफ से कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



प्रयागराज में आरंभ इवेंट्स की तरफ से कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन सिविल लाइंस में किया गया जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने मोटे अनाज से बने हुए तरह तरह के स्वास्थ्य वर्धक डिशेज बनाया, शेफ दिनेश, ट.फ जुनेजा, पूनम मित्तल ने प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए भोजन को स्वाद और प्रस्तुति के आधार पर नंबर दिए इस आयोजन में पालक की ३ूंङ्करी, पनीर ढंल्लीी१ ऊँू शुगर फ्री लड्डू बनाने के लिए रजिया जीनत को प्रथम पुरस्कार, आटे के ब्रेड से बने दही बड़ा के साथ प्रोटीन कटोरी चाट बनाने के लिए रूपाली चौरसिया को द्वितीय एवं अनुश्री घोष को ड्राई फ्रूट्स के शुगर फ्री लड्डू बनाने के लिए तृतीय पुरस्कार अर्चना मौर्य की तरफ से दिया गया, वहां उपस्थित लोगों ने कबाब, खजूर के लड्डू, खीर, फ्रूट्स सलाद, साबूदाने ह्व खिचड़ी, पेठा और नारियल से बने लड्डू, बजरा चिली रोल की भी काफी सराहना की, लोगों को मीठा एवं नमकीन डिशेज बना कर लाना था, सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और गिफ्ट दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निधि अग्रवाल को आरंभ इवेंट्स की तरफ से सीता श्रीवास्तव ने पिस्ते के छिलके से बनी हुई गणेश जी की प्रतिमा दी। इसमें, सरिता साहू, साधना सिंह, कीर्ति सक्सेना, मीना मुखर्जी, रुचि जायसवाल, श्रुति श्रीवास्तव ने प्रतिभाग किया, गिफ्ट पार्टनर के लिए विभाष चैटर्जी का अर्चना मौर्य ने विशेष आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से ये आयोजन सफल रहा।

# समाजवादी पार्टी को जनआधार दिलाने में जुटे रेहान खान, गरीबों के मसीहा और संगठन के मजबूत स्तंभ

मोहम्मद असलम



**पलिया, लखीमपुर खीरी:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान आज उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नई ऊर्जा और उम्मीद का नाम बन चुके हैं। उनकी कर्मठता, जनसेवा के प्रति समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा ने उन्हें समाजवादी पार्टी का एक मजबूत सिपाही बना दिया है। पलिया विधानसभा क्षेत्र में उनका जनाधार तेजी से बढ़ रहा है, और वे आम जनता के दिलों पर राज कर रहे हैं। रेहान खान ने यह साबित कर दिया है कि राजनीति सिर्फ सत्ता का खेल नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। चाहे कोरोना महामारी का भीषण दौर रहा हो या फिर बाढ़ जैसी आपदाएं, रेहान खान ने हर कठिन समय में लोगों की मदद की है। वे अपनी टीम के साथ गांव-गांव, घर-घर पहुंचे, और राशन किट, दवाइयां, कपड़े तथा जरूरत की अन्य वस्तुएं वितरित कीं। उनकी यह निःस्वार्थ सेवा लोगों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं रही। रेहान खान के कार्यों की गूंज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक भी पहुंची। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने उनकी सक्रियता, ईमानदारी और जनसेवा को देखते हुए उन्हें हाल ही में प्रदेश सचिव के महत्वपूर्ण पद से सम्मानित किया। यह पद न केवल रेहान खान की मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह भी संकेत है कि पार्टी उन्हें भविष्य में बड़ी जिम्मेदारियों के लिए तैयार कर रही है। रेहान खान का कहना है, ̄हमारा मकसद सत्ता नहीं, सेवा है। समाजवादी विचारधारा में विश्वास रखने वाला हर कार्यकर्ता जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले चुनावों में हम जनता की ताकत से समाजवादी पार्टी को और भी अधिक मजबूत करेंगे।

# रात्रि चौपाल मनियां में जिला कलक्टर ने सुनी परिवेदनाएं, समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु दिये

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने शुक्रवार को उपखंड धौलपुर के मनियां के अटल सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की परिवेदनाओं को सुना। रात्रि चौपाल में आमजन ने पानी, बिजली, सड़क आदि बुनियादी व्यवस्थाओं के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किये। जिला कलक्टर ने चौपाल में आमजन की समस्याओं पर सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए निस्तारण की दिशा में कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में परिवादी नथुआराम ने रामनगर कॉलोनी में गन्दे पानी की समस्या का निस्तारण और आगंनबाड़ी की जमीन से अतिक्रमण हटवाए जाने के सम्बन्ध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने सम्बन्धित विभागों को समुचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। परिवादी राजेश ने दुबाटी में चारागाह जमीन से अतिक्रमण हटवाए जाने के सम्बन्ध में परिवाद प्रस्तुत किया, जिस पर जिला कलक्टर ने तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में आमजन ने राशन संबंधी समस्याएं, पेयजल, विद्युत, सड़क आदि परिवेदनाओं को प्रस्तुत किया। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीडी आईसीडीएस धीरेन्द्र सिंह, उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा सहित सभी विभागों के जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के द्वारा आज विकासखंड सिंभावली के ग्राम पंचायत सरावनी में जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**




हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सरावनी के ग्राम प्रधान के द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को दी गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से गांव की समस्याएं सुनी तथा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण कराया गया तथा जो समस्याएं लंबित रह गई हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जन चौपाल के दौरान ग्राम वासियों द्वारा विभिन्न समस्याएं जैसे पानी की उपलब्धता, आवासीय योजनाओं द्वारा मकान बनाने, शौचालय, पानी का भराव तथा पानी के निकासी की समस्या आदि के बारे में ग्रामीणों द्वारा जिला अधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्ति को लाभ दिया जाए। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर ग्राम सचिव का एक दिन का वेतन रोकने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा ग्राम प्रधान को निर्देश देते हुए कहा एएनएम तथा आशाओं से समन्वय में बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के टीकाकरण हेतु अभियान चलाया जाए। उन्होंने ग्राम में कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को पोषित की श्रेणी में लाने के निर्देश दिए। जन चौपाल के के दौरान ग्राम वासियों द्वारा पानी की टंकी लीकेज होने की समस्या से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया इस पर जिलाधिकारी ने गांव में संचालित पानी की टंकी में लीकेज की समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण करने के संबंधित को निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी तथा ग्राम प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा समन्वय बनाते हुए गांव में नाली व तालाब की साफ सफाई की व्यवस्था समय-समय पर की जानी चाहिए इसी के साथ आंगनवाड़ी में पानी व लाइट तथा साफ सफाई की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें जन चौपाल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम, उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सिंभावली सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया गया समाजसेवी प्रदेश सचिव 'चंद्रकिरण कश्यप' की बेटी दीप्ति सिंह का जन्मदिन



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के निवासी राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के पंचायती राज विभाग से प्रदेश सचिव 'चंद्रकिरण कश्यप' की बेटी दीप्ति सिंह का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन को खास बनाने के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई थीं बेटी की खुशी के लिए घर को रंगबिरंगी लाइटों व गुब्बारों से सजाया गया रंगबिरंगी लाइटों व गुब्बारों को देख सभी बच्चों की खुशी में चार चांद लग गए बेटी के जन्मदिवस के अवसर पर बेटी को आशीर्वाद व शुभकामनाएं देंने वालो का घर पर सुबह से ही ताता लगा रहा शाम के समय बच्चो एवं परिवार के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया इस अवसर पर अनेक समाजसेवी संगठनों के कार्यकताओं एवं परिवार, मित्र साथियों ने बेटी दीप्ति सिंह को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद देकर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।

## कांग्रेस कार्यालय पर अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई जयंती



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर शनिवार को माता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती अनूपशहर के नेता व कार्यकताओं ने गंगा घाट स्थित कार्यालय में एकत्रित होकर कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव व कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ के साथ एवं सलाम खान की अध्यक्षता में एकत्रित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव प्रज्ञा गौड़ राजेश शर्मा व अध्यक्ष सलाम खान ने माता अहिल्याबाई होल्कर को न्याय प्रिय शासक बताते हुए उनके द्वारा अपने पुत्र के द्वारा गाय के बछड़े को रथ से मार देने के अपराध में रथ से कुचलकर ही मृत्यु की सजा सुनाई उन्हें अब तक का महान ईमानदार शासक एवं राजमाता का दर्जा प्राप्त बताते हुए उनसे प्रेरणा लेकर सभी को ईमानदारी के पद पर चलते हुए राष्ट्र सेवा में जुटने का आह्वान किया अध्यक्षता सलाम खान संचालन बबलू कुरैशी ने किया पुष्पांजलि समारोह में कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ अध्यक्ष सलाम का सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य राजेश शर्मा राजेंद्र शर्मा कौशल शर्मा मोहम्मद उमर बबलू कुरैशी जीशान कुरैशी मोहन सरीन आदि लोग सम्मिलित रहे।

# गिरधरपुर के ग्रामीणों ने विकास कार्यों को लेकर जिलाधिकारी से की थी शिकायत

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव गिरधरपुर तुमरैल में हुए विकास कार्यों की जांच डीपीआरओ को सौंपी गई है।

मामले में ग्रामीणों ने वर्तमान प्रधान पर आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की थी !ग्रामीण अरुण कुमार ने डीएम से की शिकायत में आरोप लगाया कि वर्तमान ग्राम प्रधान आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं। उक्त प्रधान द्वारा कोई भी विकास कार्य पिछले वर्षों में नियमानुसार नहीं कराया गया है।गांव में रास्ते पर जो तालाब है, उसका सुंदरीकरण सरकार द्वारा कराया गया था। बरसात के दिनों में आम जनमानस व स्कूल के बच्चों की बस तक उसमें गिर गई थी। इसलिए तालाब में कराए गए विकास कार्यों की जांच कराई जाए। इसके अलावा अन्य कार्यों की जांच कराने की मांग की गई है। वहीं, मामले में प्रधान आनंद प्रकाश का कहना है कि उन्होंने नियमानुसार ही विकास कार्य कराए हैं। जांच में कुछ नहीं निकलने वाला है।मामले में डीपीआरओ शिव बिहारी शुक्ला का कहना है कि गांव में हुए विकास कार्यों की जांच आरोपों के आधार पर कराई जा रही है। शिकायतकताओं से दस्तावेज मांगे गए हैं। शिकायत करने वालों में विजय, कुलदीप, मोनेंद्र, गनप्रकाश, रोहताश, बब्बू, रविंद्र शामिल हैं।



## अहिल्याबाई होल्कर चौक से पंडराबल दोराहे को मिली नई पहचान : अनिल शर्मा



**वेलकम इंडिया**

**छतारी :** शनिवार को छतारी में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। यहां अलीगढ़ अनूपशहर रोड स्थित अहिल्याबाई होल्कर चौक पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जहां पर बाइक रैली का समापन के उपरांत विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाल है। छतारी के अलीगढ़ अनूपशहर रोड स्थित पंडराबल दोराहे पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर चौक बनाया गया है। शनिवार को पहासू रोड़ पर अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिकारपुर विधायक अनिल शर्मा, मुख्य वक्ता अनिल सिसोदिया, भाजपा नेता कुश शर्मा, होल्कर सेना के जिलाध्यक्ष मुकेश बघेल ने संयुक्त रूप से समाज के सैकड़ों लोगों के साथ लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने देश में तीन सौ साल पूर्व में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने अपने दम पर शासन लोकप्रिय, जनहितकारी कार्य किया।

# एनएच० 34 पर ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसी ईको, 3 की दर्दनाक मौत, 3 गंभीर घायल

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** हादसे के बाद ईको कार सवारों ने चीखना पुकारना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची हाइवे रिलीफ टीम सिकंदराबाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त हुई कार में से पहले घायलों को निकलकर सीएचसी०भेजा।

बुलंदशहर में दिल्ली- कानपुर नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार इको०कार और ट्रैक्टर ट्रॉली में जा घुसी। जिससे ईको कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई और, हादसे में 3 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस, हाइवे कर्मियों और राहगीरों ने कार सवारों को खींचकर कार से बाहर निकाला, सिकंदराबाद पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम को और घायलों को सीएचसी० भेज दिया है। शनिवार की तड़के एनएच०34 पर सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र में पाइप लदे ट्रैक्टर ट्रॉली का अचानक टायर फट गया। जिससे ट्रैक्टर ट्रोला अनियंत्रित हो गया, पीछे आ रही तेज रफ्तार ईको कार ट्रैक्टर ट्रॉले में जा घुसी, हादसे को देखने रुके एक स्कूटी सवार में पीछे से आ रही एक और कर ने टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार भी घायल हो गया। हादसे के बाद ईको कार सवारों ने चीखना पुकारना शुरू कर दिया, मौके पर पहुंची हाइवे रिलीफ टीम, सिकंदराबाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त हुई कार में से पहले घायलों को निकालकर सीएचसी० भेजा। फिर मृतकों के शवों को खींचकर बाहर निकाला और पोस्टमार्टम को भेज, बताया गया कि कार दादरी की तरफ से खुर्जा को तरफ जा रही थी।

## लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर सपा प्रदेश सचिव ने कुष्ठ रोगियों को बांटे फल मिठाई, वस्त्र



**वेलकम इंडिया**

संगमनगरी प्रयागराज में लोक माता अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रीशताब्दी जयंती के मौके पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव मनीष यादव उर्फ बब्लू भाई ने संगम क्षेत्र स्थित नव निर्माण कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर कुष्ठ रोगियों को फल, मिठाई बांटकर अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती मनाई गई।वहां पर मौजूद सभी लोगों ने लोक माता अहिल्याबाई होल्कर जी के नाम के जयकारे लगाकर पूरा संगम क्षेत्र गूंजायमान हो गया।प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी मनीष यादव अपने पिता प्रताप बहादुर यादव से प्रेरित रहते हैं इनके पिता पिछले 50 सालों से ज्यादा वक्त से कुष्ठ रोगियों की सेवा करते चले आ रहे हैं।

## राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती



**वेलकम इंडिया**

स्याना में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भारतीय इतिहास की महान शासिका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम का आयोजन नगर अध्यक्ष चौधरी शफीक सभासद के आवास पर किया गया। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने मालवा राज्य पर 30 वर्षों तक शासन किया। यह आयोजन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष ताहिर अली सैफी, बुगरासी नगर के संगठन प्रभारी शब्बू चौधरी और स्याना विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष निर्दोष चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, पूर्व सभासद अबरार हाशमी, फहीम चौधरी और रामबाबू जाटव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में यूथ के जिला सचिव फरमान सलमानी, नगर मीडिया प्रभारी आशीष कुमार जाटव, नगर सचिव अमित मल्होत्रा, अल्पसंख्यक सभा नगराध्यक्ष नाजिम चौधरी समेत कई अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। समारोह 31 मई, 2025 को आयोजित किया गया।

# ऑपरेशन शील्ड के तहत द्वितीय सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर राजस्थान** । ऑपरेशन शील्ड के तहत हवाई हमला होने की स्थिति में विभिन्न एजेंसियों के मध्य राहत एवं बचाव कार्यो के समन्वय के प्रदर्शन हेतु द्वितीय आपातकालीन अभ्यास किया गया। भारतीय गृह मंत्रालय के निदेर्शानुसार द्वितीय सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन पुराने अस्पताल के परिसर में किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य न केवल आपातकालीन स्थितियों में प्रशासनिक प्रतिक्रिया और समन्वय की क्षमता का मूल्यांकन करना था। मॉक ड्रिल की शुरूआत एक ह्यएयर स्ट्राइक अलर्टह्न से हुई, जिसमें हवाई हमले की स्थिति को दशार्ते हुए घायलों के राहत-बचाव और उन्हें अस्पताल पहुँचाने की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया गया। नागरिक सुरक्षा दल, एनसीसी कैडेट्स, पुलिस, चिकित्सा विभाग, अग्निशमन और अन्य बचाव टीमें पूरी मुस्तैदी से अपने-अपने कार्यों में जुटीं। जिला प्रशासन के नेतृत्व में मॉक अभ्यास- जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा स्वयं मौके पर मौजूद रहे और मॉक ड्रिल की पल-पल की गतिविधियों की निगरानी करते रहे। उनके साथ उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा, स्वास्थ्य, शिक्षा, अग्निशमन के अधिकारी कर्मचारी भी सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे।

आपदा प्रबंधन का जीवंत प्रशिक्षण-

मॉक ड्रिल में विशेष रूप से नागरिक सुरक्षा दलों, अग्नि सुरक्षाकर्मी, एनसीसी की भागीदारी का जीवंत प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षित नागरिक सुरक्षाकर्मियों ने घायल लोगों की प्राथमिक सहायता, स्ट्रेचर पर ले जाने की विधि, भीड़ प्रबंधन और शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हवाई हमले के दौरान फिस्फोट में हुए 20 गंभीर घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा दिए जाने हेतु एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। सामान्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रोडवेज बस की मदद से रेस्क्यू प्रदर्शन किया गया।

प्रशासन की तैयारी रही मुस्तैद-

घटना स्थल पर अग्निशमन, राहत, बचाव दलों चिकित्सा स्टाफ की तत्परता, एंबुलेंस की तैनाती जैसे उपायों की तैयारियां, कंट्रोल रूम की कार्यशीलता और विभागों के बीच समन्वय, इन सभी पहलुओं में प्रशासन की तैयारी का प्रदर्शन किया गया।

जिला कलक्टर का संदेश-

मॉक ड्रिल के समापन पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने मीडिया को बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य केवल विभागीय क्षमता परीक्षण नहीं, बल्कि नागरिकों को मानसिक और व्यवहारिक रूप से आपदा के प्रति तैयार करना है। हमारा प्रयास है कि आपात स्थिति आने से पहले ही हम उससे निपटने में सक्षम हों।



# परिषदीय परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** के एन जी डी के ऑडिटोरियम में आयोजित एक सम्मान समारोह में डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज को गौरान्वित करने वाले मेधावी छात्रों को डॉ के एन मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन प्रोफेसर ( डॉ ) डी के मोदी ने मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित करते हुए मेधावी छात्रों को नवाचार के माध्यम से राष्ट्र के विकास मे सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। डॉ मोदी ने छात्रों से उनके करियर के बारे में बातचीत करते हुए उन्हें करियर संबंधी आवश्यक टिप्स भी दिए।



विदित हो कि डॉक्टरों के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर क्षेत्र की एक अद्वितीय संस्था है जिसमें अध्ययन कर छात्र राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं वरन विदेशों में भी विद्यालय के साथ साथ क्षेत्र और अपने प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय के छात्रों ने गत सात वर्षों से लगातार जिला स्तर पर मैरिट में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर अपने परिवार के साथ साथ अपने जनपद, मंडल और प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा से गौरवान्वित करते आ रहे है। डॉ के एन मोदी फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा एवं एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर डॉ दीपांकर शर्मा ने फाउंडेशन में चल रहे विभिन्न कोर्सों से अवगत कराते हुए सभी छात्रों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट के लिए फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे विशेष कैप्सूल के लिए आमंत्रित किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उच्च आयामों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित करते हुए सभी छात्रों को फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न कोर्स से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन कर रहे अंग्रेजी प्रवक्ता एवं एन सी सी अधिकारी प्रवीण कुमार जैनर ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम और उच्च स्तर पर गौरान्वित करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल एवं शिक्षकों ने चेयरमैन सर को स्मृति चिन्ह भेंट कर मेधावी छात्रों को आशीर्वाद देने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के गणित प्रवक्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी, आर के सिंह, एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर, लै० राजीव जॉगिड, संजीव चौधरी, राजीव कुमार वर्मा ,गौरव त्यागी आदि प्रमुख रहे।

# गिन्नी देवी महाविद्यालय में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदी फाउंडेशन के तत्वावधान में यहां मेरठ-दिल्ली मार्ग पर संचालित गिन्नी देवी मोदी कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 पूनम शर्मा ने लेखनी के सिपाहियों-पत्रकारों को समाज का दर्पण तथा लोकतंत्र का चौथ सशक्त स्तम्भ बताते हुए उनसे अनुरोध किया कि वे अपनी सशक्त लेखनी तथा निष्पक्ष पत्रकारिता से समाज व देश को सही दिशा दें। प्रो0 पूनम शर्मा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के हिंदी विभाग के सौजन्य से आयोजित एक संगोष्ठी में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता संघर्ष व चुनौतीपूर्ण है तथा पत्रकारों को चाहिए कि आने वाली चुनौतियों का डटकर मुकाबला करें तथा अपने निष्पक्ष एवं निर्भिक पत्रकारिता के दायित्वों को पूर्ण निष्ठा व इमानदारी से निवर्हन करें। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारों पर पूरे देश की नजर है। अतः वे तथ्यात्मक एवं विश्वसनीय समाचारों का ही प्रकाशन करें और शासन-प्रशासन का मार्गदर्शन करें। डा0 गीता त्यागी की पाकिस्तान को ललकार सहित कई देशभक्ति पूर्ण रचनाओं से वातावरण देशभक्ति पूर्ण हो गया। इस मौके पर डा0 सरिता गर्ग, डा0 ऐश्वर्या बहुगुणा, डा0 मंजू कनोजिया, डा0 ऋषिका पाण्डेय, डा0 आकांक्षा सारस्वत, कु0 शालू देवी, रविंद्र कुमार मौजूद थे।

## घर से एलईडी, इनवर्टर, बैटरी चोरी

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की दौलत नगर कालोनी में घर से एलईडी, इनवर्टर, बैटरी व अन्य सामान चोरी हो गए। घटना के समय परिवार के लोग छत पर सो रहे थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। दौलत नगर कालोनी निवासी नजमा ने बताया कि 29 मई की रात गर्मी में बिजली कटौती से परेशान होकर वह परिजन के साथ छत पर सोने चली गई थीं। देर रात चोरों ने घर में घुसकर एक एलईडी, इनवर्टर, बैटरी और बर्तन चुरा लिये। सुबह जाग होने पर कमरे में सामान फैला देखकर उन्हें चोरी का पता चला। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## वार्क इन द वुड रेस्टोरेंट की छत पर एसी कंप्रेशर फटने से युवक की दर्दनाक मौत

**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर चार स्थित वार्क इन द वुड रेस्टोरेंट की छत पर शनिवार दोपहर को एसी रिपेयर के दौरान हादसा हो गया। एसी के कंप्रेशर के अचानक फटने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से झुलस गया। मृतक की पहचान पिंटू निवासी खोड़ा के रूप में हुई है। दूसरा घायल युवक पूरन को तुरंत पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वार्क इन द वुड रेस्टोरेंट की छत पर दो लोग एसी की मरम्मत कर रहे थे, तभी अचानक कंप्रेशर फट गया। इस धमाके में दोनों गंभीर रूप से प्रभावित हुए। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा और मृतक के परिवार को सूचना दी। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन, निमिष पाटील ने बताया कि हादसे की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी जांच भी की जा रही है। यह हादसा क्षेत्रवासियों के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि मरम्मत कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन होना आवश्यक है ताकि ऐसी अनहोनी से बचा जा सके।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह की कार को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मारी

**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र के अमराला गांव के पास दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर पूर्व सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह की कार को तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार अनियंत्रित हो गई, लेकिन चालक की सूझ–बूझ से कार को तुरंत संभाल लिया गया, जिससे मंत्री सहित कार में सवार सभी सुरक्षित रहे। घटना बुधवार देर रात हुई, जब डॉ. सत्यपाल सिंह देहरादून से दिल्ली की ओर जा रहे थे। कार में चालक सिरौली निवासी संजू, सीआईएसएफ के पीएसओ रामफूल एवं लालू घोष भी सवार थे। ट्रक चालक ने ओवरटेक के दौरान कार से टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि कार चालक संजू की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की उम्मीद है। यह हादसा सड़क सुरक्षा और ट्रक चालकों के नियमों के पालन की आवश्यकता को फिर से रेखांकित करता है। सुरक्षाकर्मियों के साथ कार में मौजूद मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था भी कारगर साबित हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार ट्रक चालक को जल्द पकडे के लिए पूरे जिले में छापेमारी की जा रही है।

# अहिल्याबाई होलकर जी त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत फरीदनगर में सम्मेलन का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पुण्यश्लोक माता अहिल्याबाई होलकर जी त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी सीकरी महामाया मंडल के नगर पंचायत फरीदनगर में स्थित सभागार में नगर पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। नगर पंचायत सम्मेलन मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह एवं मुख्य वक्ता के रूप में भोजपुर ब्लॉक की लोकप्रिय ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में नगर पंचायत फरीदनगर की अध्यक्षा श्रीमती रेशमा जुबैर कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मेलन में समाज में अपना अभूतपूर्व योगदान प्रदान करने वाली माता बहनों को मुख्य अतिथि चैनपाल सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। त्रिशताब्दी स्मृति




अभियान के जिला संयोजक अमित चौधरी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, सीकरी महामाया मंडल के अध्यक्ष रोहित तोमर, नगर पंचायत फरीदनगर के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, विनय गुर्जर,नितिन मित्तल, कमल कंसल, सतपाल छोकर, समस्त सम्मानित सभासद गण, सम्मानित पूर्व सभासदगण, विनोद प्रधान, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुधीर चौधरी, विष्णुदत्त शर्मा , पप्पू सैनी, वेदपाल सैनी, दिनेश सैनी, अनिल प्रजापति , सारिक, मोनू सैनी, विनीत कंसल सम्मानित शक्ति केंद्र संयोजक, सम्मानित बूथ अध्यक्ष एवम कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** भारत रत्न किसान मसीहा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम उजैडा में राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद ) महिला प्रकोष्ठ द्वारा एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रालोद महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुमन चौधरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ ।इस अवसर पर सुमन चौधरी ने चौधरी चरण सिंह के योगदानों को याद करते हुए कहा, ₹चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि देश की समृद्धि गांवों और खेतों से होकर गुजरती है ।उनकी पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण कर हम न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, बल्कि उनके आदर्शों को भी नमन कर रहे हैं ।₹कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के कई स्थानीय नेता और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई जी होल्कर की जयंती एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** लोक माता रानी अहिल्याबाई जी होल्कर की जयंती एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज जगन्नाथ कॉलेज ऑफ फामेर्सी मोहम्मदपुर कदीम मोदीनगर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। साथ ही साथ गाजियाबाद जिले के जिला अध्यक्ष चैन पाल चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतेंद्र त्यागी मोदीनगर की लोकप्रिय विधायक मंजू सिवाच, भोजपुर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह जिला महामंत्री नवेंद्र गौड़, जिला महामंत्री जितेंद्र चित्तौड़ा, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी एवं




अमित चौधरी एवं मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी, आकाश शर्मा रोहित तोमर आदि उपस्थित रहे। मोदीनगर और आसपास के क्षेत्र के समस्त एन जी ओ एवं लोकमाता रानी अहिल्याबाई प्रतियोगिता में सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ देवराज शर्मा अध्यक्ष जगन्नाथ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस मोदीनगर ने किया।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर व्यापक जागरूकता अभियान आयोजित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री एवं ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग द्वारा शुक्रवार और शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस भव्य रूप से मनाया गया। इस वर्ष की थीम आकर्षण का पदार्फाश तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीतियों को उजागर करना थी, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यूएचओ ) के वैश्विक अभियान के अनुरूप तंबाकू के खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और तंबाकू उपयोग को कम करने की दिशा में प्रभावी नीतियों को समर्थन देती है।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज ने मरीजों, छात्रों और दंत चिकित्सकों के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। तंबाकू




उपयोगकताओं के लिए ओपीडी में तंबाकू सिसेशन हेल्प डेस्क लगाया गया, जहां मौखिक कैंसर जैसे गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त डेंटल ओपीडी में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से तंबाकू सेवन के नुकसान और स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। डासना जेल, पंची और मुरादनगर में भी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें यह संदेश दिया गया कि तंबाकू और निकोटीन उत्पाद अत्यधिक लत उत्पन्न करने वाले होते हैं और उद्योग द्वारा इन्हें उपभोक्ताओं को लंबे समय तक बांधे रखने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया जाता है।

# प्रीटी पेंग्विंस में 13 दिवसीय ग्रीष्म कालीन शिविर का हुआ भव्य समापन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंग्विंस में 13 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य समापन हुआ। जिसके अंतर्गत डेढ़ सौ से अधिक बच्चों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉड्ड के. एन. मोदी फाऊंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज , स्कूल उप प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा, टेक्सटाइल ब्रांच की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना, स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा, केड्ड एनड्ड एमड्ड ईड्ड सीड्ड के डायरेक्टर दीपांकर द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम मे आए हुए सभी अतिथियों का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डिफेंस से जुड़े अभिभावकों का सम्मान था, जिन्हें



बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नन्हे नन्हे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी जिससे वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया तथा उसमे सिखी गई व बनाई गई कलाकृतियों की भी एक प्रदर्शनी लगाई गई, वहीं दूसरी और लिटिल साइंटिस्ट के बच्चों ने छोटे-छोटे परीक्षण इस प्रदर्शनी में प्रस्तुत किये। इस अवसर पर स्कूल की एक अध्यापिका ने पहलगाम व ऑपरेशन सिंदूर पर कविता सुनाई जिसे सुनकर सभी भावविभोर हो गए। वही दो अध्यापिका ने देश भक्ति गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। शिविर के अंतर्गत पुल मस्ती, फोटोशूट, व आइसक्रीम पार्टी मुख्य आकर्षण का केंद्र बना, जिसके अंतर्गत बच्चों ने खूब धमाल मचाया। आइसक्रीम डे पर बच्चों ने तरह-तरह की आइसक्रीम का लुफ्ट उठाया। स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति का हर व्यक्ति के जीवन में विशेष महत्व होता है। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह व उपहार दिए। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अतिथि अभिभावकों को तुलसी का पौधा व फोटो फ्रेम उपहार स्वरूप देखकर उनका धन्यवाद किया।

# नोएडा शाहबेरी रोड पर एन एच ए आई करेगी एलिवेटेड निर्माण ,लगात अनुमान 400 करोड़

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा के बीच सफर आसान बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शाहबेरी एलिवेटेड रोड की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट ( डी पी आर ) तैयार की जाएगी, जिसे एनएचएआई तैयार करेगा ।एनएचएआई से ही सड़क निर्माण भी कराया जाएगा। इस परियोजना में 400 करोड़ रुपए की लागत लगने का अनुमान है। बता दें कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 4 से शाहबेरी होते हुए ठल्-9 को जोड़ने के लिए चार किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड प्रस्तावित है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बढ़ते ट्रैफिक जाम की स्थिति को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। इसे मार्च के महीने में प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मंजूरी



मिल चुकी है। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि एनएचएआई को ही सड़क बनाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। बोर्ड के प्रस्ताव के अनुसार, इस प्रोजेक्ट के लिए लगने वाली 400 करोड़ की लागत नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और यमुना प्राधिकरण शेयर करेंगे। हालांकि अब तक ये साफ नहीं हो पाया है कि कि किस प्राधिकरण की कितनी भागीदारी होगी। शाहबेरी एलिवेटेड रोड दो जिलों गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद को आपस में जोड़ेगी। इस एलिवेटेड रोड का ऊढफ तैयार करने का काम ठल्अक को सौंपा गया है। इसके लिए ठल्अक को धनराशि भी दी जा चुकी है। डीपीआर तैयार होने में 4 से 5 महीने का समय लग सकता है। वहीं इस परियोजना को लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए एक मूर्ति गोलचक्कर सेक्टर 4 से ठल्-9 तक एलिवेटेड रोड बनाने की तैयारी है। इससे नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और जेवर एयरपोर्ट से आने वाले लोगों को लाभ होगा। ये एलिवेटेड रोड 130 मीटर चौड़ी सड़क होगी। हाल ही में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इटेड़ा गोलचक्कर से शुरू होने वाले शाहबेरी रोड को क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद तक चौड़ा किया जा चुका है। इसके बाद इसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। हालांकि इसके बावजूद भी इस रूट पर ट्रैफिक का दबाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के लोग इस रास्ते पर जाम से जूझने को मजबूर हैं। हालांकि अगर इस रूट पर एलिवेटेड रोड बन जाता है, तो लोग बिना रुकावट के सीधे एन एच 9 पर पहुंच सकेंगे।

# हिंडन नदी को संजीवनी देने की तैयारी में जुटा प्रशासन

वेलकम इंडिया



**मंडलायुक्त ने विभागों को दी जिम्मेदारियां, लापरवाही बरतने पर कार्यवाही के दिए निर्देश**

**गाजियाबाद।** प्रदूषण की मार झेल रही हिंडन नदी को नया जीवन देने के लिए शासन स्तर पर बड़ी पहल शुरू हो गई है। इसी क्रम में शनिवार को विकास भवन स्थित रानी दुर्गावती सभागार में मेरठ मंडल के आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मकसद था हिण्डन नदी को स्वच्छ, निर्मल और सतत प्रवाहयुक्त बनाना। बैठक में गाजियाबाद जिले के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरणीय सुधारों को अब प्राथमिकता से क्रियान्वित किया जाए। आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि हिण्डन में गिरने वाले सभी नालों को आवश्यकतानुसार और चरणबद्ध तरीके से जल्द से जल्द टैप किया जाए, ताकि गंदा पानी सीधे नदी में न जाए। उन्होंने इस दिशा में काम को समयबद्ध करने और हर स्तर पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने की बात कही। सिर्फ नालों की टैपिंग ही नहीं, नदी के किनारे हर उस स्थान पर वृहद स्तर पर पौधारोपण करने के निर्देश भी दिए गए जहां पर भूमि उपलब्ध है। आयुक्त ने कहा कि यह सिर्फ पर्यावरणीय सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि नदी की आत्मा को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास है। बैठक में खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम एक नाले पर फाइटोरेमेडियेशन की प्रक्रिया शुरू करें, जिससे गंदे पानी को प्राकृतिक रूप से शोधित कर नदी में छोड़ा जा सके। इसी क्रम में नालियों के पानी को तालाबों से जोडे की योजना भी सामने रखी गई ताकि वह सीधे हिण्डन में न गिरे। गांवों में बन रहे वाटर स्टेबलाइजेशन पॉन्ड, सिल्ट कैचर और फिल्टर चैंबर की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस दिशा में हो रहे कार्यों की लगातार निगरानी और प्रभावी मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अननोटिफाइड इंडस्ट्रीज की सूची बनाएं, उनके वेस्ट वॉटर में मौजूद पॉल्यूटिंग इंडिकेटर्स का चार्ट तैयार करें और ईटीपी (अपशिष्ट उपचार संयंत्र) लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी कि जावली नाले पर मौजूद 6 एमएलडी का सीईटीपी प्लांट, जो अभी नाले के पानी को शोधित करता है, उसे बढ़ाकर 16 एमएलडी करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह निर्णय हिण्डन की सफाई अभियान में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। अंत में मेरठ मंडल आयुक्त ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि हिण्डन नदी को प्रदूषित करने वाले किसी भी व्यक्ति, संस्था या औद्योगिक इकाई के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान महज एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जन-जागरूकता और प्रशासनिक संकल्प का परिचायक है, जिसे हर हाल में सफल बनाना है।

# मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने लगाई भगवान दूधेश्वर के चरणों में हाजिरी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मिजोरम के राज्यपाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री, साथ ही गाजियाबाद के पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह शनिवार को अपने राजनगर स्थित आवास पहुंचे और सबसे पहले भगवान दूधेश्वर के मंदिर में पधारकर उनके पावन चरणों में हाजरी लगाई। भगवान दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में उन्होंने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ अभिषेक किया।

मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं की भव्य पूजा के पश्चात उन्होंने सभी सिद्ध गुरू समाधियों के सामने श्रद्धापूर्वक मत्था टेका। मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज इस समय राजस्थान की धर्म यात्रा पर हैं, लेकिन उन्होंने जनरल वी के सिंह से फोन पर वार्ता कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान जनरल वी के सिंह ने भावुकता व्यक्त करते हुए कहा कि भले ही वे मिजोरम के राज्यपाल बन गए हों, परन्तु उनकी आत्मा भगवान दूधेश्वर के चरणों में सदैव विराजमान है। उनका दिल आज भी गाजियाबाद और यहां के लोगों के साथ धड़कता है। यह सब भगवान दूधेश्वर की कृपा, श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के आशीर्वाद और गाजियाबाद के लोगों के प्रेम, स्नेह तथा सहयोग की वजह से संभव हो पाया है। जनरल वी के सिंह ने कहा कि भगवान दूधेश्वर के दर्शन से उन्हें हर चुनौती का सामना करने और उसमें विजय प्राप्त करने की अद्भुत शक्ति मिलती है। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से धर्म, आध्यात्म और भक्ति को लेकर हुई चर्चाएँ उन्हें समाज और देश सेवा में निरंतर आगे बढें की प्रेरणा देती हैं। उनका जीवन भगवान दूधेश्वर और गाजियाबाद की सेवा में समर्पित है, क्योंकि उनकी आत्मा यहीं बसती है।

# देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भव्य विचार गोष्ठी




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारत की महान समाजसेविका और युगप्रेरणा देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को परमहंस पब्लिक स्कूल, एम ब्लॉक, सेक्टर-23, संजय नगर में एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया और देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन, उनके समाजोत्थान कार्यों तथा समकालीन समाज पर उनके प्रभाव को विस्तार से साझा किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मनीषा अहलावत, सदस्य, राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने उद्बोधन में देवी अहिल्याबाई होलकर के न्यायप्रिय व्यक्तित्व, सेवा-भाव और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके योगदान को विशेष रूप से याद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आने वाली पीढियों को इतिहास से जोडे और संस्कारों को जीवित रखने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर जैसे महत्त्वपूर्ण महिला नेताओं ने नेतृत्व के अर्थ को केवल सत्ता तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सेवा और समर्पण के माध्यम से नए आयाम स्थापित किए। डॉ. रिचा सूद, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं शिक्षाविद ने भी अहिल्याबाई होलकर को नारी शक्ति का अद्वितीय प्रतीक बताया और उनके शिक्षा तथा सेवा क्षेत्र के कार्यों की प्रशंसा की। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष श्री बालकिशन गुप्ता ने अहिल्याबाई होलकर द्वारा व्यापार, धर्म और संस्कृति के सफल समन्वय को आधुनिक व्यापार जगत के लिए अनुकरणीय बताया।

# सुरेश चन्द्र आर्य लेखाकार हुए सेवा निवृत्ति, भावभीनी विदाई








वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, गाजियाबाद के लेखाकार श्री सुरेश चन्द्र आर्य 31/05/2025 को सेवा निवृत्त हो गये। श्री सुरेश चन्द्र आर्य शांत स्वभाव, मृदुभाषी एवं अपने कार्यों और अधिकारी/कर्मचारियों में समन्वय और सामंजस्य बनाने में निपुण रहे है। उनके कार्यकाल में विभाग में कई उतार–चढ़ाव आये किन्तु उनकी सूझबूझ, समझदारी एवं अनुभव से सभी समस्याओं का तत्काल ही निदान होता रहा है। श्री सुरेश चन्द्र आर्य जुलाई 2017 में मेरठ से गाजियाबाद स्थानान्?तरित हुए और फरवरी 2025 में लेखाकार के पद पर पदोन्नत हुए।

श्री सुरेश चन्द्र आर्य द्वारा जिला ?सूचना अधिकारी के नेतृत्व/निर्देशन में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य मंत्रियों एवं उच्च अधिकारियों के कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहयोग किया गया, जिस पर जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा उन्हें साधुवाद दिया गया।

श्री सुरेश चन्द्र आर्य बहुप्रतिभा के धनी है, जिसका परिणाम यह रहा कि उनकी सेवा निवृत्ति विदाई दिवस पर मेरठ, हापुड़, नोएडा सहित जनपद गाजियाबाद के पत्रकारों/कर्मचारियों की उन्हें बधाई देने हेतु भीड़ लगी रही। उनके सेवा निवृत्ति दिवस पर एडीएम एफ/आर श्री सौरभ भट्ट उन्हें बधाई देते हुए कहा कि श्री आर्य एक नेकदिल व सज्जन व्यक्ति हैं। हम उनके उज्जवल भविष्य व सुखद जीवन की कामना करते हैं। जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि श्री आर्य द्वारा अपने दायित्वों एवं आदेशो का अनुपालन पूर्ण ईमाननदारी एवं निष्ठा से किया गया। हम उनकी लम्बी उम्र एवं सुखद जीवन के लिए कामना करते हैं। इस मौके पर सभी कर्मचारियों एवं पत्रकारों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी।

# 839 शराबियों पर कार्रवाई, 433 वाहनों पर चालान या सीज की कार्यवाही

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड़ के सख्त निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गाजियाबाद पुलिस ने शराब के दुरुपयोग को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान तीनों जोन सिटी, देहात और ट्रांस हिंडन की पुलिस ने कुल 3402 व्यक्तियों की तलाशी ली और 839 शराबियों को पकड़कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।

सिटी जोन पुलिस ने 355, देहात जोन ने 292 और ट्रांस हिंडन जोन पुलिस ने 192 शराबियों के खिलाफ धारा 34 के तहत कार्रवाई की। वहीं, सिटी जोन में 970, देहात जोन में 1428 और ट्रांस हिंडन जोन में 1004 व्यक्तियों की तलाशी ली गई। वाहनों की भी कड़ी जांच हुई, जिसमें सिटी जोन पुलिस ने 195, देहात जोन ने 93 और ट्रांस हिंडन जोन ने 145 वाहनों का चालान किया तथा कई वाहनों को सीज भी किया गया। पुलिस ने इस अभियान को शराब की तस्करी और अवैध बिक्री पर नकेल कसने के लिए चलाया है, ताकि क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनी रहे और लोगों को सुरक्षित माहौल मिल सके। पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड़ ने कहा कि ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे और किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अभियान से शहरवासियों में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर विश्वास बढ़ा है और पुलिस के इस कदम की प्रशंसा की जा रही है।

# स्वास्थ्य विभाग ने नौ ऑक्सीजन प्लांट पर मॉक ड्रिल कर आपात स्थिति की तैयारियों को सुदृढ़ किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियों को और मजबूत कर लिया है। वर्तमान में जिले में 19 सक्रिय कोरोना मरीज हैं, जिनमें से 17 होम आइसोलेशन में हैं। मरीजों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी और संभावित गंभीर हालात को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को नौ प्रमुख ऑक्सीजन प्लांट यूनिट्स पर मॉकड्रिल का आयोजन किया। इस मॉकड्रिल के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों ने जिला अस्पताल, जिला संयुक्त अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, संतोष अस्पताल, सीएचसी डासना, मुरादनगर, मोदीनगर, लोनी, और बीपीएचसी भोजपुर में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट की स्थिति का विस्तार से निरीक्षण किया। प्लांट की कार्यक्षमता, ऑक्सीजन की सप्लाई की निरंतरता और तकनीकी दिक्कतों को लेकर जांच की गई ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को ऑक्सीजन की कमी न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि यह मॉकड्रिल कोरोना संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए नियमित अंतराल पर की जाती है। यह सुनिश्चित करने के लिए है कि ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह से क्रियाशील हैं और आवश्यकता पडे पर तत्काल उपयोग में लाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल जिले के मरीज गंभीर स्थिति में नहीं हैं, लेकिन सतर्कता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों को पहले ही अलर्ट मोड में रखा गया है और कोरोना से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कोविड-19 के दैनिक मामलों की निगरानी जारी है और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बढ़ाई जाएंगी। यह कदम स्वास्थ्य विभाग की तत्परता और जिम्मेदारी का परिचायक है, जिससे गाजियाबाद के नागरिकों को महामारी से सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

# आबकारी विभाग ने कसी नकेल, ओवर रेटिंग और अवैध बिक्री पर टूट पड़ा कहर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में आबकारी विभाग ने शराब माफिया और मनमानी करने वाले लाइसेंसी विक्रेताओं के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ दिया है। अवैध शराब के खिलाफ पहले ही निर्णायक जंग छेडे के बाद अब विभाग ने उन दुकानदारों पर शिकंजा कस दिया है जो लाइसेंस के नाम पर ग्राहकों को लूट रहे थे। ओवर रेटिंग, नकली बिलिंग और गैरकानूनी स्टॉक जैसे मामलों में आबकारी विभाग का डंडा बुरी तरह बरस रहा है। विभाग की सक्रियता और योजनाबद्ध कार्रवाई से जिले के शराब व्यापारियों में हड़कंप मच गया है और पहली बार ऐसा लग रहा है कि सरकारी एजेंसी वास्तव में अपने दायित्व को पूरी गंभीरता से निभा रही है। दोपहर की जांच से लेकर रात के छापों तक, आबकारी विभाग ने एक सधे हुए अभियान की रणनीति बनाई है। जिले की कई प्रमुख शराब की दुकानों पर न केवल औचक निरीक्षण किया गया, बल्कि गुप्त रूप से टेस्ट परचेजिंग कराकर यह परखा गया कि ग्राहकों से शराब की असल कीमत वसूली जा रही है या नहीं। इस प्रक्रिया में जो दुकानें दोषी पाई गईं, उनके खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई की गई। एक महीने के भीतर ही पांच दुकानों को ओवर रेटिंग का दोषी पाते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस थमा दिया गया और साथ ही कुल 75 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। एक अन्य दुकान पर जब अन्य दुकान का माल मिला तो उस पर भी 25 हजार रुपये का दंड ठोका गया। जिन दुकानों को दोषी पाया गया, उनमें विजय नगर, सिद्धार्थ विहार, शिवपुरी और कृष्णा नगर क्षेत्र की दुकानें प्रमुख हैं।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में परीक्षाओं का अनुशासित आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2024-2025 की सम सेमेस्टर की अंतिम परीक्षाएँ पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में आयोजित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय द्वारा पूर्वनिर्धारित शैक्षणिक पंचांग के अनुसार परीक्षाओं की रूपरेखा बनाई गई है, जिसमें प्रत्येक स्तर पर छात्रों की सुविधा और निष्पक्षता को ध्यान में रखा गया है। परीक्षा केंद्रों पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कठोर दिशा-निदेर्शों का पालन सुनिश्चित किया गया है। परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अनुचित गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्थाओं को भी सशक्त बनाया गया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि हर छात्र को एक समतुल्य एवं शांत वातावरण प्राप्त हो, जिससे वे बिना किसी व्यवधान के परीक्षा में सम्मिलित हो सकें। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था के लिए सदैव पहचानी जाती रही है।

# गाजियाबाद के सिटी फॉरेस्ट का होगा पुनर्विकास, पूरे शहर का वन स्टॉप डेस्टिनेशन

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल एवं अध्यक्ष ऋषिकेश भागकर यशोद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में सिटी फोरेस्ट पार्क, गाजियाबाद के पुनर्विकास विषयक एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण की परामर्शदाता संस्था एर्नेस्ट एंड यंग द्वारा विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। बीते वर्ष 2023 में आई भीषण बाढ़ के चलते सिटी फोरेस्ट में पूर्व में कराए गए विकास एवं अनुरक्षण कार्य प्रभावित हुए थे, जिससे पार्क की सौंदर्य व्यवस्था एवं संरचना को भारी क्षति पहुँची थी। इसी के मद्देनजर सिटी फोरेस्ट के समग्र पुनर्विकास की योजना तैयार की गई है। प्रस्तुतिकरण में प्रस्तावित किया गया कि पार्क को न केवल पूर्व की तुलना में अधिक आकर्षक और पर्यावरण अनुकूल रूप में विकसित किया जाएगा, बल्कि इसे एक अत्याधुनिक और जन-सामान्य के लिए उपयोगी पर्यटन स्थल के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। प्रस्तावित सुविधाओं में जीप लाइनिंग, ट्रैकिंग ट्रेल्स, बोटिंग, डेकोरेटिव लाइटिंग सहित विभिन्न हाई-एंड सुविधाएं शामिल होंगी*, जिससे यह पार्क एक मॉडल अर्बन फॉरेस्ट के रूप में स्थापित किया जा सकेगा। इस बैठक में आयुक्त महोदय ऋषिकेश भास्कर यशोद, जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक सहित गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सक्षम ट्रस्ट द्वारा आयोजित शिक्षा महाकुंभ संपन्न हुआ






वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आज सक्षम एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम शिक्षा महाकुंभ 2025 अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन गाजियाबाद स्थित जानकी भवन, कविनगर, रामलीला मैदान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डॉ. अनिल अग्रवाल जी (निवर्तमान राज्यसभा सांसद) ने 12वीं कक्षा में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और सतत परिश्रम जैसे मूल मंत्र भी दिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी ने भी छात्रों को सम्मानित किया और उन्हें नवाचार और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस गरिमामय कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व दर्ज प्राप्त मंत्री श्री बलदेव राज शर्मा जी ने की। इस अवसर पर कुल 675 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही 73 प्रधानाचार्यों एवं 106 शिक्षकों व शिक्षक सलाहकारों को भी उनके योगदान हेतु सम्मान प्रदान किया गया।